फाल्गुन शुक्ल - 11 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 12 ▪ अंक - 223 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » सोमवार » 10-03-2025 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

4 भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य हो : बागड़े

6 हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम

7 देवदास के रीमेक में काम करना चाहती है सायली सालुंखे

फर्स्ट टेक

बुलंदशहर में सूटकेस के अंदर महिला का शव मिला

बुलंदशहर (उप्र)/भाषा। पुलिस ने बुलंदशहर जिले में सिकंदराबाद थाना क्षेत्र के भाऊखेड़ा गांव के पास रविवार को एक सूटकेस में एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया। पुलिस की एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) पूर्णिमा सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने एक खेत में एक सूटकेस पड़ा देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सिंह ने बताया कि सूटकेस खोलने पर उसमें एक महिला का शव मिला। पुलिस ने बताया कि महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है। सिंह ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और विसरा को आगे की जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। मामले की जांच जारी है।

इजराइल ने गाजा की बिजली आपूर्ति बंद करने की घोषणा की

यरूशलम/एपी। इजराइल का कहना है कि वह गाजा को बिजली की आपूर्ति बंद कर रहा है। इसका पूरा असर अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन इस क्षेत्र के विलवणीकरण संयंत्रों को पीने के पानी के उत्पादन के लिए बिजली मिलती है। रविवार को यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब एक सप्ताह पहले इजराइल ने 20 लाख से अधिक लोगों को क्षेत्र में सभी प्रकार की वस्तुओं की आपूर्ति बंद कर दी थी। इसने हमास पर दबाव बनाने की कोशिश की है कि वह अपने संघर्ष विराम के पहले चरण को आगे बढ़ाए। यह चरण पिछले सप्ताहांत समाप्त हो गया।
इजराइल चाहता है कि स्थायी युद्धविराम के लिए बातचीत करने के वादे के बदले में हमास शेष बंधकों में से आधे को रिहा कर दे।

सीरिया: हिंसा में मरने वालों की संख्या 1,000 से अधिक हुई

बेरूत/एपी। सीरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के वफादारों और सुरक्षाबलों के बीच दो दिन तक जारी संघर्ष और इसके बाद प्रतिशोधी हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,000 से अधिक हो गई है, जिनमें लगभग 750 आम नागरिक शामिल हैं। मानवाधिकार संगठन ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीरिया में 14 साल पहले शुरू हुए संघर्ष के बाद से यह हिंसा की सबसे घातक घटनाओं में से एक है। ब्रिटेन के मानवाधिकार संगठन 'सीरियन ऑब्ज़र्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' ने कहा कि 745 नागरिकों के अलावा, सरकारी सुरक्षाबलों के 125 सदस्य और अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद से संबद्ध सशस्त्र समूहों के 148 चरमपंथी भी मारे गए।

सूर्यास्त	सूर्योदय
10-03-2025 6:18 बजे	11-03-2025 6:18 बजे

BSE	NSE
74,332.58	22,552.50
(-7.52)	(+7.80)

सोना	चांदी
8,997 रु.	107,000 रु.
(24 कैरेट) प्रति ग्राम	प्रति किलो

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com

कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

क्रिकेट का जश्न

फाइनल को करके मुट्ठी में,
खेली सबने अद्भुत क्रिकेट।
जीते पूरे दमखम से हम,
रख कर तगड़ा रन वेट रेट।
दुनिया ना जान सकी अब तक,
क्या हैं भारत के सीक्रेट।
साबित कर दी सबने मिलकर,
सचमुच में प्लेयर सभी ग्रेट।।

रोहित के रणबांकुरों ने एक और किला किया फतेह

न्यूजीलैंड को हराकर भारत ने जीती चैम्पियंस ट्रॉफी

- भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने कैरियर को लेकर तमाम अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि वह अभी वनडे क्रिकेट को अलविदा कहने नहीं जा रहे ।
- रोहित की कप्तानी में यह टी20 विश्व कप 2024 के बाद भारत ने दूसरा आईसीसी खिताब जीता ।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दुबई/भाषा। मोर्चे से अगुवाई करने वाले कप्तान रोहित शर्मा के बल्ले के कमाल और स्पिनरों के धमाल के दम पर भारत ने न्यूजीलैंड को रविवार को फाइनल में चार विकेट से हराकर रिकॉर्ड तीसरी बार चैम्पियंस ट्रॉफी अपने नाम की ।

इस मैच से पहले रोहित के संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थी लेकिन उन्होंने अपने चिर परिचित फॉर्म में लौटकर आलोचकों के मुंह बंद कर दिये । उनकी कप्तानी में यह टी20 विश्व कप 2024 के बाद भारत ने दूसरा आईसीसी खिताब जीता ।

भारत ने टूर्नामेंट में एक भी मैच गंवाये बिना 2002 और 2013 के बाद तीसरी बार खिताब जीता । कोई दूसरी टीम तीन बार यह ट्रॉफी नहीं जीत पाई है ।

स्पिनर कुलदीप यादव और वरूण चक्रवर्ती ने हालात का फायदा उठाते हुए बेहतरीन गेंदबाजी की लेकिन डेरिल मिचेल और माइकल ब्रेसवेल ने संयम के साथ अर्धशतक लगाते हुए न्यूजीलैंड को सात विकेट पर 251 का मजबूत स्कोर दिया । रोहित ने 83 गेंद में 76 रन बनाकर जीत की नींव रखी और भारत ने एक ओवर बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया । केएल राहुल ने फिनिशर की भूमिका निभाते हुए नाबाद 34 रन बनाये । चोटिल मैट हेनरी की जगह खेल रहे तेज गेंदबाज नैथन स्मिथ को रोहित ने दो छक्के और दो चौके जड़े ।

दूसरे छोर पर शुभमन गिल ने 31 रन बनाये और पहले विकेट के लिये रोहित के साथ 105 रन जोड़े । वह ग्लेन फिलिप्स के दर्शनीय कैच पर पवेलियन लौटे जबकि गेंदबाज मिचेल सेंटनेर थे । विराट कोहली का दर्शकों ने तालियों के साथ स्वागत किया लेकिन वह दो ही गेंद टिक सके और माइकल ब्रेसवेल की गेंद पर पगबाधा आउट हुए ।

पावरप्ले के बाद अगले 16 ओवर में रोहित अपने स्कोर में 27 रन ही जोड़ सके । उन्होंने आक्रामक होकर खेलने की बजाय विकेट बचाकर स्पिनरों को खेला । आखिर में रचिन रविंद्र की गेंद पर आगे बढकर खेलने के प्रयास में वह चूके और लैथम ने स्टम्पिंग करके उन्हें वापिस भेजा । उस समय भारत जीत से 130 रन दूर था । इसके बाद श्रेयस अय्यर (48) और अक्षर पटेल (29) ने 61 रन की साझेदारी की ।

हमारी क्रिकेट टीम पर गर्व है : प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी जीतने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''एक असाधारण मुकाबला और एक असाधारण नतीजा। आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी घर लाने के लिए हमें अपनी क्रिकेट टीम पर गर्व है। '' उन्होंने कहा, ''खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए हमारी टीम को बधाई। ''

जब आप कुछ अलग करते हैं तो टीम प्रबंधन का साथ होता है : रोहित

पिछले कुछ समय से पहली गेंद से आक्रामक तेवर अपनाने वाले कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला एक बार फिर खूब चला और उस समय जबकि टीम को उसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी । रोहित ने जीत के बाद कहा ,'' नतीजे पक्ष में होना सुखद अहसास है ।'' पिछले वनडे विश्व कप से आक्रामक बल्लेबाजी के अपने अंदाज के बारे में पूछने जाने पर उन्होंने कहा ,'' मैं स्वाभाविक रूप से ऐसा नहीं खेलता हूं लेकिन मैं ऐसा कुछ करना चाहता था । जब आप कुछ अलग करते हैं तो टीम और प्रबंधन आपके साथ होते हैं ।'' उन्होंने कहा ,'' मैने राहुल (द्रविड़) भाई और अब गौती (गंभीर) भाई से इस पर बात की । मैं ऐसा वाकई करना चाहता था । इतने साल मैने अलग अंदाज में खेला है और अब हमें इससे नतीजे मिल रहे हैं ।''

जब आप जायें तो टीम को बेहतर स्थिति में छोड़कर जाना चाहते हैं : विराट कोहली

चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली ने चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने के बाद रविवार को कहा कि उनका काम सिर्फ आईसीसी ट्रॉफियां जीतना ही नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि जब वह खेल को अलविदा कहें तो भारतीय क्रिकेट बेहतर स्थिति में हो । कोहली ने फाइनल के बाद कहा ,''जब आप जायें तो टीम को बेहतर स्थिति में छोड़कर जाना चाहते हैं । मुझे लगता है कि हमारे पास ऐसी टीम है जो अगले आठ साल तक दुनिया की किसी भी टीम का सामना करने के लिये तैयार है ।'' कोहली फाइनल में एक ही रन बना सके लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ उनका विजयी शतक और आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में अर्धशतक अहम था ।

एयरोस्पेस क्षेत्र में अनुसंधान और विकास बढाना जरूरी : राजनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/एजेन्सी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा है कि आने वाले समय में एयरोस्पेस क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि होने जा रही है और इससे संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए अनुसंधान और विकास पर अत्यधिक ध्यान दिये जाने की जरूरत है।

सिंह ने रविवार को कर्नाटक के बेंगलूरुमें भारतीय वायु सेना के एयरोस्पेस मेडिसिन संस्थान (आईएएम) का दौरा किया। इस संस्थान का दौरा करने वाले वह पहले रक्षा मंत्री हैं। उन्हें पायलट प्रशिक्षण, उनके चिकित्सा संबंधी मूल्यांकन और एयरोमेडिकल अनुसंधान में आईएएम की अनूठी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। रक्षा मंत्री ने लड़ाकू पायलटों के उच्च-जी प्रशिक्षण के लिए उपयोग किए जाने वाले डायनेमिक फ्लाइट सिम्युलेटर और हाई परफॉरमेंस ह्यूमन सेंट्रीफ्यूज और उड़ान में स्थानिक भटकाव के जोखिम को रोकने के लिए सशस्त्र बलों के पायलटों को प्रशिक्षित करने के लिए स्थानिक भटकाव सिम्युलेटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की एक्स्ट्रामुरल रिसर्च परियोजना, सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च का भी शुभारंभ किया। परियोजना का शीर्षक 'अंतरिक्ष मनोविज्ञान: भारतीय अंतरिक्ष मिशनों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष यात्रियों के चयन और व्यवहारिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण' है।

रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर हवाई और अंतरिक्ष यातायात में निरंतर वृद्धि के मद्देनजर एयरोस्पेस मेडिसिन में विशेषज्ञता की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

धनखड़ एम्स में भर्ती, मोदी ने ली स्वास्थ्य की जानकारी

नई दिल्ली/ एजेन्सी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत रविवार को अचानक बिगड़ गयी जिसके बाद उन्हें यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स) में भर्ती कराया गया। तिहत्तर वर्षीय श्री धनखड़ को आज तड़के बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद तत्काल एम्स ले जाया गया और कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया। उन्हें एक स्टेंट सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया है और डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। उनकी हालत अभी स्थिर बतायी गयी है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एम्स जाकर धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मोदी ने कहा,एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

सीता माता का भव्य मंदिर बनेगा, जो दुनिया को नारी शक्ति का संदेश देगा

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने गुजरात के विकास में योगदान देने के लिए मिथिलांचल और बिहार के लोगों की सराहना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अहमदाबाद/भाषा। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने गुजरात के विकास में योगदान देने के लिए मिथिलांचल और बिहार के लोगों की रविवार को सराहना की और कहा कि इस क्षेत्र का प्राचीन काल से ही लोकतंत्र और दर्शन को सशक्त बनाने का इतिहास रहा है।

यहां 'शाश्वत मिथिला महोत्सव 2025' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी वादा किया कि सीता माता का भव्य मंदिर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, ''जब मैं लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार गया था, तो मैंने कहा था कि राम मंदिर बन गया है, अब सीता माता का भव्य मंदिर बनाने की बारी है। मंदिर पूरी दुनिया को नारी शक्ति का संदेश देगा और यह बताएगा कि जीवन कैसे हर तरह से आदर्श होना चाहिए।''

शाह ने कहा, ''गुजरात में बसे मिथिलांचल और बिहार के लोगों ने इसके विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।'' उन्होंने कहा कि मिथिला की भूमि रामायण और महाभारत के समय से ही बुद्धिजीवियों की भूमि रही है, जहां का प्राचीन विदेह साम्राज्य लोकतंत्र की जननी है।

शाह ने कहा, ''महात्मा बुद्ध ने कई बार कहा था कि जब तक विदेह के लोग मिल-जुलकर रहेंगे, उन्हें कोई नहीं हरा सकता। मिथिलांचल लोकतंत्र की एक मजबूत ताकत साबित हुआ, जो वर्षों तक पूरे देश को अपना संदेश देता रहा। मिथिलांचल शास्त्रार्थ की भी भूमि रही है।''

अहमदाबाद में 10 बड़े स्टेडियम बनाए जाएंगे : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गांधीनगर में 316.82 करोड़ रुपये के 'पैरा हाई परफॉर्मेंस सेंटर' की आधारशिला रखी और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम के करीब स्थित सरदार पटेल खेल परिसर में 10 बड़े स्टेडियम बनाए जाएंगे। शाह ने कहा, ''भारत ने इन 10 परिसरों में 2036 ओलंपिक खेल आयोजित करने का संकल्प लिया है। गुजरात ने ओलंपिक की तैयारी पहले ही शुरू कर दी है।

अमेरिका में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़, दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली/ भाषा। कैलिफोर्निया में एक प्रमुख हिंदू मंदिर की दीवारों पर अज्ञात व्यक्तियों ने भारत विरोधी नारे लिखकर इसे विरूपित कर दिया। भारत ने मंदिर में तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करते हुए इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ 'कड़ी कार्रवाई' करने की मांग की है।

अमेरिका में हिंदू समुदाय के पवित्र स्थलों को निशाना बनाने की यह एक और घटना है।

बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने कहा कि सैन बर्नार्डिनो काउंटी के चीनो हिल्स शहर में स्थित उसके श्री स्वामीनारायण मंदिर को अपवित्र किया गया। चीनो हिल्स लॉस एंजिलिस काउंटी की सीमा पर है। 'बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स' ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''एक और मंदिर अपवित्र किया गया। इस बार यह घटना कैलिफोर्निया में चीनो हिल्स में हुई।

भारत ने तोड़फोड़ की कड़ी निंदा की

नई दिल्ली/एजेन्सी। भारत ने अमेरिका में कैलिफोर्निया के एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा की है और अमेरिकी प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई एवं धर्मस्थलों की सुरक्षा करने का आह्वान किया है। विदेश मंत्रालय ने इस घटना के बारे में कहा, हमने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की खबरें देखी हैं। हम इस तरह के घृणित कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।

सुरक्षा के लिए सड़क निर्माण में आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल जरूरी : गडकरी

नई दिल्ली/एजेन्सी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए बेहतर सड़क सुरक्षा उपायों को लागू करने की सख्त जरूरत है और इसके लिए आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल किए जाने की आवश्यकता है।

गडकरी ने रविवार को यहां सुरक्षित सड़कों की नीति विषय पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रौद्योगिकी और टिकाऊ पुनर्चक्रणीय सड़क निर्माण सामग्री को अपनाकर सड़कों में सुरक्षा को बढ़ाने के लिए रणनीति विकसित करने में सहयोग देने का सबका आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के कर्म की पड़ताल में यह पाया गया है देश में होने वाली ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएँ खराब सिविल इंजीनियरिंग की चली आ रही व्यवस्था जैसे कारण है जिनको बदलकर सड़कों के डिजाइन, निर्माण, प्रबंधन तथा अनुचित सड़क संकेत जैसे कई कारणों पर ध्यान देने की आवश्यकता है और उनकी ठीक तरह से पहचान कर इनमें व्यापक स्तर पर सुधार लाने की कवायद को प्रभावित तरीके से शुरू किया जाना चाहिए।

महिलाओं को डर के साये में नहीं रहना चाहिए : रेखा गुप्ता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को यहां एक कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं और पैरालिंपियन सहित सात महिलाओं को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने एक दैनिक अखबार की ओर से आयोजित एक महिला बाइक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि महिला बाइक चालक सशक्तीकरण का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा, ''आपने उन लोगों को गलत साबित कर दिया है जो कहते हैं कि महिलाएं कुछ चीजें नहीं कर सकतीं।'' सम्मानित होने वाली सात महिलाओं में जम्मू-कश्मीर की पहली अंतरराष्ट्रीय कार रेसर हुमैरा मुश्ताक, अर्जुन पुरस्कार विजेता पहलवान दिव्या काकरान, घरेलू हिंसा से पीड़ित और समान संघर्ष वाली महिलाओं के लिए गैर सरकारी संगठन की स्थापना करने वाली स्वीटी मेहता, मादक पदार्थों के लती लोगों के पुनर्वास के क्षेत्र में व्यापक रूप से काम करने वाली रेखा जिंदल, झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को कंप्यूटर सिखाने के लिए खुद को समर्पित करने वाली नलिनी अस्थाना, पैरा एथलीट कंचन लखानी और सामाजिक कार्यकर्ता नीतू चौधरी शामिल थीं। बाइक रैली रविवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे कॉनॉट प्लेस से शुरू हुई।

गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम 2013 से हर साल आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''इससे पहले दिल्ली में एक बड़ी त्रासदी हुई थी। महिलाओं को डर में नहीं रहना चाहिए, क्योंकि डर के आगे ही जीत है।'' मुख्यमंत्री ने यह भी याद किया कि वह अपने विश्वविद्यालय के दिनों में काइनेटिक स्कूटर चलाया करती थीं।

विकसित भारत के निर्माण में जनजातीय क्षेत्रों की भूमिका अहम : केंद्रीय मंत्री ओराम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

देहरादून/भाषा। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने रविवार को कहा कि बजट में जनजातीय क्षेत्रों के लिए की गयी वृद्धि विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय सहयोगात्मक भूमिका को सुनिश्चित करेगा।

ओराम ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए इस बजट में सभी वर्गों के साथ विशेष रूप से जनजातीय कल्याण को ध्यान में रखकर उनकी शिक्षा, आजीविका और आधारभूत ढांचों में सुधार के लिए योजनाएं बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि उनके विभाग को 2014 के लगभग 4,497 करोड़ रुपए के मुकाबले इस बार 14,925 करोड़ रुपए बजट में आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि पिछले वर्ष की आवंटित राशि से 45.79 फीसदी अधिक है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना' को धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत लाते हुए 80,000 करोड़ रुपए के बजट के साथ अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि इससे जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को लेकर आधारभूत ढांचे की कमियों को दूर करने, जनजातीय समुदायों की वार्षिक आय को बढ़ाने तथा जनजातीय समूह के सामाजिक-आर्थिक उत्कर्ष में सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि धरती आभा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान निर्णायक साबित होने वाला है जिसमें आवंटित 79,156 करोड़ रुपए की धनराशि से अगले पांच वर्षों में 63,843 गांवों की दशा और दिशा को बदला जाएगा।

मंत्री ने बताया कि इसमें लगभग 56,333 करोड़ रुपए केंद्र और 22,823 करोड़ रुपए राज्य की हिस्सेदारी होगी। शुरुआत में 17 मंत्रालय को एक साथ लाकर जनजातीय क्षेत्र के विकास के प्रमुख हिस्सों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

नागपुर में पतंजलि फूड पार्क से विदर्भ के किसानों को राहत मिलेगी : गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नागपुर/भाषा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि नागपुर में नया पतंजलि फूड और हर्बल पार्क विदर्भ क्षेत्र के किसानों के लिए राहत लेकर आएगा। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में किसान आत्महत्या की कई घटनाएं हुई हैं।

गडकरी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर के मिहान में फूड पार्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पतंजलि आयुर्वेद के सह-संस्थापक रामदेव और इसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण मौजूद थे।

गडकरी ने विदर्भ में संतरा किसानों की भलाई के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने क्षेत्र में फलों के उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार के साथ ही उपज की अच्छी कीमत सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों के बारे में भी बताया।

नागपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले गडकरी ने कहा, ''नया पार्क विदर्भ क्षेत्र के किसानों के लिए राहत लेकर आएगा, जहां किसानों की आत्महत्या के कई मामले सामने आए हैं।'' फडणवीस ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह केंद्र (पार्क) न केवल इस परियोजना के लिए, बल्कि संतरा उगाने वाले सभी किसानों के लिए वरदान साबित होगा।'' फडणवीस ने कहा कि संयंत्र में फलों की छंटाई, ग्रेडिंग और भंडारण का काम किया जाएगा। साथ ही फलों का छिलके और बीज सहित पूरी तरह प्रसंस्करण किया जाएगा।

आदित्य ने मुंबई के लिए गिफ्ट सिटी जैसी सुविधाओं की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/भाषा। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता आदित्य ठाकरे ने रविवार को मुंबई के लिए गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक (गिफ्ट) सिटी जैसी सुविधाओं और प्रोत्साहनों की मांग की और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर महानगर की आर्थिक स्थिति को व्यवस्थित तरीके से दुर्बल बनाने का आरोप लगाया।

यहां पार्टी के एक कार्यक्रम में ठाकरे ने मुंबई के वित्तीय महत्व को जानबूझकर कम करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया, ''गिफ्ट सिटी को दी जाने वाली सब्सिडी और सुविधाएं मुंबई को भी दी जानी चाहिए। भाजपा जानबूझकर मुंबई की आर्थिक स्थिति को दुर्बल बना रही है।'' राज्य के पूर्व मंत्री ने प्रमुख परियोजनाओं और मुख्यालयों को मुंबई से गुजरात और दिल्ली में स्थानांतरित करने की भाजपा की नीतियों की आलोचना की और महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे प्रभाव को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, ''कई कंपनियों के मुख्यालय मुंबई से बाहर स्थानांतरित हो गए हैं। इससे शहर को क्या फायदा होगा? झारखंड और वाराणसी में भी लोग पूछते हैं कि नई परियोजनाएं अन्य राज्यों के बजाय गुजरात में क्यों जा रही हैं।''

ठाकरे ने अदाणी समूह जैसी निजी संस्थाओं के तहत नवी मुंबई हवाई अड्डे के पास प्रस्तावित नवी मुंबई हवाईअड्डा प्रभाव अधिसूचित क्षेत्र (नैना) सिटी को लेकर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, ''भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या हवाई अड्डा अदाणी को सौंपा जाएगा। हम इसका विरोध करेंगे।''

आतंकवाद को जम्मू क्षेत्र में सिर उठाने नहीं दिया जाएगा : नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा

जम्मू/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सुनील शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में एक झरने के पास से तीन शव बरामद होने के एक दिन बाद रविवार को कहा कि कश्मीर में दफन हो चुके आतंकवाद को जम्मू में सिर उठाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शर्मा ने कठुआ के बिलावर क्षेत्र में हुई हत्याओं की निंदा करने के लिए एकत्रित प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि आतंकवादियों ने नया तरीका अपनाया है, जिसके तहत वे लोगों की केवल हत्या करने के लिए नहीं बल्कि भ्रम पैदा करने के लिए हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। शर्मा ने पार्टी विधायकों सतीश शर्मा और राजीव जसरोटिया के साथ बिलावर का दौरा किया। नेता ने कहा कि उन्होंने अमित शाह को घटना के बारे में जानकारी दी जिन्होंने उनसे बिलावर के लोगों को यह बताने के लिए कहा कि वह उनके साथ खड़े हैं।

भाजपा के 'जय श्री राम' के जवाब में उद्धव ने 'जय शिवाजी, जय भवानी' का समर्थन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/भाषा। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर समाज में जहर घोलने का आरोप लगाया और अपने समर्थकों से सत्तारूढ़ पार्टी के पसंदीदा 'जय श्री राम' नारे का जवाब 'जय शिवाजी' और 'जय भवानी' से देने को कहा।

वह यहां एक कार्यक्रम में शिवसेना कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''अगर कोई 'जय श्री राम' कहता है, तो 'जय शिवाजी' और 'जय भवानी' के जवाब के बिना उसे जाने न दें।'' उन्होंने कहा, ''भाजपा ने हमारे समाज में जहर घोल दिया है। उन्होंने हमारे समाज के साथ जो किया है, उसके लिए मैं भाजपा को माफ नहीं करूंगा।''

ठाकरे ने अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों पर भाजपा के रुख का हवाला देते हुए देश के प्रति उसकी प्रतिबद्धता पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा नेता एक समय पाकिस्तान के साथ खेल आयोजनों का विरोध करते थे, वहीं भारत अब पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों के साथ क्रिकेट मैच खेल रहा है।

शिवसेना प्रमुख ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाल ही में विधानसभा में दिए गए उस कटाक्ष का भी जवाब दिया जिसमें उन्होंने कहा था, ''मैं उद्धव ठाकरे नहीं हूं जो चल रही परियोजनाओं पर रोक लगा दूं।''

पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि अगर फडणवीस उनका अनुकरण करना चाहते हैं तो उन्हें किसानों के लिए ऋण माफी की घोषणा करनी चाहिए और 10 मार्च को पेश होने वाले बजट में 'शिव भोजन' और 'लाडकी बहिन' योजनाओं जैसी पहलों के लिए संशोधित धनराशि आवंटित करनी चाहिए।

लुधियाना फैक्टरी हादसा : एक और श्रमिक की मौत, बचाव कार्य जारी

लुधियाना/भाषा। पंजाब के लुधियाना में फैक्टरी की इमारत ढहने की घटना में एक और श्रमिक की मौत हो गई। इस बीच बचाव अभियान अब भी जारी है क्योंकि एक अन्य श्रमिक के मलबे में फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बताया कि रविवार को श्रमिक का शव मलबे से बाहर निकाला गया। इसी के साथ घटना में जान गंवाने वालों की संख्या दो हो गई है।

अधिकारियों ने बताया कि शनिवार देर शाम यहां 'फोकल प्वाइंट' क्षेत्र में एक कपड़ा फैक्टरी की इमारत ढह गई थी। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की दो टीम, पुलिस, अग्निशमन विभाग और नगर निगम के साथ मिलकर बचाव अभियान चला रही हैं। सूत्रों ने बताया कि फैक्टरी में मरम्मत का काम किया जा रहा था कि तभी एक खंभा

गिर गया। इस संबंध में एक प्रत्यक्षदर्शी ने पूर्व में कहा था कि इमारत गिरने से पहले एक जोरदार आवाज सुनी गई थी। जिला उपायुक्त जितेंद्र जोरवाल ने रविवार को बताया कि घटना में दो श्रमिकों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार शाम करीब पांच बजे हुई इस घटना के बाद मलबे में फंसे एक श्रमिक को ढूंढने के लिए बचाव अभियान अब भी जारी है।

आंध्र प्रदेश: तेदेपा सांसद ने तीसरी संतान के रूप में लड़की होने पर 50,000 रुपए देने की पेशकश की

विजयनगरम/भाषा। आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के एक लोकसभा सदस्य ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में हर तीसरी संतान के रूप में लड़की पैदा होने पर 50,000 रुपए देने का ऐलान किया।

विजयनगरम के सांसद के. अप्पाला नायडू ने कहा कि वह नवजात बच्ची के नाम से सावधि जमा के रूप में यह धनराशि जमा करेंगे, जो उसकी शादी की उम्र तक 10 लाख रुपए तक हो सकती है। अप्पाला नायडू ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, अगर तीसरी संतान के रूप में लड़का हुआ, तो हम एक गाय और एक बछड़ा देंगे। अगर तीसरी संतान लड़की हुई, तो हम 50,000 रुपए की सावधि जमा करेंगे। भारत की जनसंख्या बढ़नी चाहिए।

रैपिडो 500 शहरों में करेगी विस्तार: सह-संस्थापक पी गुंटूपल्ली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। ऑनलाइन टैक्सी सेवा मंच रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटूपल्ली ने कहा है कि कंपनी इस वर्ष भारत में 500 शहरों में विस्तार करने की तैयारी में है। यह ऐसा बाजार है जहां परिवहन के अवसरों की 'विशालता और गहराई' उच्च वृद्धि की संभावना प्रदान करती है।

इस सवाल पर कि क्या कंपनी निकट भविष्य में आईपीओ लाने पर विचार कर रही है, गुंटूपल्ली ने बताया कि रैपिडो अच्छी वृद्धि दर्ज कर रही है, अच्छी तरह से पूंजीकृत है और 'स्थिति के आधार पर निर्णय लेगी।' उन्होंने कहा कि फिलहाल कंपनी का मुख्य ध्यान वृद्धि पर है। रैपिडो अपनी ऑटो, बाइक टैक्सी और कैब सेवाओं पर हर दिन लगभग 33 लाख लोगों को यात्रा की सुविधा प्रदान करती है। रैपिडो को 'स्थायी रूप से' वृद्धि करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, हम मजबूत वृद्धि देख रहे हैं। हम पहले से ही दोपहिया उद्योग और तिपहिया उद्योग में अगुवा बन गए हैं। ...और हमें यह भी खुशी है कि जिन कुछ शहरों में हम काम करते हैं, हम चार पहिया वाहन उद्योग में भी अगुवा हैं। प्रतिदिन लगभग 33 लाख सवारी में से 50 प्रतिशत से अधिक (15 लाख) दोपहिया श्रेणी में, लगभग 13 लाख सवारी तिपहिया श्रेणी में और पांच लाख सवारी चार पहिया श्रेणी में होती हैं। गुंटूपल्ली ने कहा, हमने एक साल पहले अपने चार पहिया वाहन उद्योग में कदम रखा है, और हमने जो नवाचार किए हैं, उनसे इस क्षेत्र में भी जबर्दस्त वृद्धि देखी है।

चैटजीपीटी के दौर में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री चौधरी ने हाथ से लिखा 100 पृष्ठ का बजट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रायपुर/भाषा। ऐसे समय में जब अदालती फैसले भी एआई-आधारित चैटबॉट का उपयोग करके तैयार किए जाते हैं, छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने हिंदी में 100-पृष्ठ का बजट हाथ से लिखकर अपने व्यक्तिगत समर्पण का परिचय दिया है। यह बजट तैयार करने की प्रक्रिया में उनके व्यावहारिक दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी चौधरी ने राजनीति में आने के लिए नौकरी छोड़ दी थी। चौधरी का मानना है कि जनता की सेवा करने के लिए राजनीति एक बड़ा माध्यम है। चौधरी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में अगले वित्त वर्ष (2025-26) के लिए चार मार्च को बजट पेश किया। इससे पहले वह कई दिन तक बजट लिखने में व्यस्त रहे। इस दौरान वह मुश्किल से एकाध घंटे सोते थे।

राज्य की वित्तीय योजना और लक्ष्यों के प्रति स्वामित्व और समर्पण की भावना को प्रदर्शित करने वाला यह दुर्लभ कार्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है, खासकर तब जब अधिकांश बजट दस्तावेज आमतौर पर अधिकारियों की एक टीम द्वारा तैयार किए जाते हैं या कंप्यूटर पर टाइप किए जाते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं अपना (बजट) भाषण लिख रहा था और मुझे एहसास हुआ कि एक हस्तलिखित दस्तावेज मेरी भावनाओं, मेरे दृष्टिकोण, मेरी प्रतिबद्धता और मेरे लगाव को अधिक व्यक्त करेगा। और इसलिए, मैंने सोचा, मुझे इसे खुद लिखना चाहिए। उन्होंने अपने हस्तलिखित 100-पृष्ठ के दस्तावेज़ को दिखाते हुए कहा कि हाथ से लिखा हुआ यह बजट उनके लगाव और भावनाओं को दर्शाता है।'' पूरा बजट दस्तावेज लिखने में कितना समय लगा, यह पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बजट पर 5-6 महीने से काम चल रहा था, लेकिन बजट के हिस्सों पर वास्तविक लेखन प्रस्तुति से लगभग एक सप्ताह या 10 दिन पहले शुरू हुआ। उन्होंने कहा, ''मैं सचमुच चार रात तक (बजट प्रस्तुति से पहले) सोया नहीं था। मैं उन चार रातों में मुश्किल से एक-डेढ़ घंटे सो पाया था। और यही वह समय था जब मैंने बजट लिखा।''

राज ठाकरे ने गंगा की सफाई पर उठाए सवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पुणे/भाषा। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने गंगा नदी की स्वच्छता पर शनिवार को सवाल उठाए और आरोप लगाया कि देश की कोई भी नदी साफ नहीं है।

ठाकरे ने मनसे की स्थापना के 19 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। मनसे प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी के नेता बाला नंदगांवकर महाकुंभ से पवित्र जल लेकर आए थे, लेकिन उन्होंने पीने से इनकार कर दिया। राज ठाकरे ने कहा, ''मैंने गंगा नदी की स्थिति के बारे में सोशल मीडिया पर कई वीडियो देखे हैं। मैंने कुछ लोगों को नदी में अपना शरीर खुजलाते और स्नान करते भी देखा।'' उन्होंने दावा किया कि कोई भी नदी साफ नहीं है। ठाकरे ने कहा, ''जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे तब से ही मैं यह दावा सुनता आ रहा हूं कि गंगा जल्द साफ हो जाएगी। अब इस मिथक से बाहर आने का समय आ गया है।''

'जीएसटी 2.0' को पूरी तरह सरल बनाना समय की मांग, कम दंडात्मक हो: कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने रविवार को कहा कि जीएसटी में कोई भी बदलाव महज दरों में कमी से कहीं अधिक व्यापक होना चाहिए और वस्तु एवं सेवा कर के अगले चरण (जीएसटी 2.0) को पूरी तरह सरल तथा कम दंडात्मक बनाना चाहिए। गौरतलब है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि जीएसटी दरों में और कमी की जाएगी।

कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनावों के अपने घोषणापत्र में जीएसटी 2.0 के जरिये एक अच्छे और सरल कर की परिकल्पना की थी। उन्होंने एक बयान में कहा, ''गेंद अब केंद्र सरकार के पाले में है - क्या वे इस ऐतिहासिक अवसर का लाभ उठाएंगे?'' रमेश ने कहा, ''वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि जीएसटी दरों में जल्द ही कमी की जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दोहराती है कि जीएसटी में कोई भी बदलाव महज दर में कमी से कहीं अधिक व्यापक होना चाहिए।''

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पॉपकॉर्न के लिए कर की तीन दरों वाली व्यवस्था में बुनियादी सुधार किए बिना सिर्फ कारमेल पॉपकॉर्न पर कर घटाना महज दिखावा है। पॉपकॉर्न में चीनी मिलाने से इसे कारमेल पॉपकॉर्न कहते हैं और इस पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। रमेश ने कहा कि समय की मांग है कि जीएसटी 2.0 को पूरी तरह सरल और कम दंडात्मक बनाया जाए। उन्होंने कहा, ''जीएसटी 2.0 का पहला लक्ष्य कर स्लैब को सरल बनाना होना चाहिए। पॉपकॉर्न के लिए तीन स्लैब वाली कर व्यवस्था और क्रीम बन तथा सामान्य बन के लिए अलग-अलग कर दरें तो बस एक छोटी सी झलक हैं।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यम ने स्वीकार किया है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में उपकर सहित 100 से अधिक अलग-अलग दरें हैं। उन्होंने दावा किया, ''इस जटिलता के कारण व्यवसायों और सरकारी नौकरशाही पर अनुपालन का बोझ बढ़ गया है। दरों की अधिकता ने 2.01 लाख करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी को बढ़ावा दिया है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में दर्ज 1.01 लाख करोड़ रुपए की कर चोरी से लगभग दोगुना है।'' उन्होंने आगे कहा कि ''अब तक धोखाधड़ी करने वाली 18,000 फर्जी संस्थाओं का पता चला है, लेकिन वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है।''

ग्रिडकॉन में 2,000 से अधिक लोग, 30 देशों के प्रतिनिधि हुए शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। बिजली क्षेत्र के तीन दिवसीय कार्यक्रम ग्रिडकॉन-2025 में 2,000 से अधिक प्रतिनिधि और 30 देश के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

बिजली मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि केंद्रीय बिजली और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को 'ग्रिडकॉन 2025 - अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सह प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया।

समारोह के दौरान पावरग्रिड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) आर के त्यागी, मंत्रालय और अन्य विद्युत क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के निदेशक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

ग्रिडकॉन-2025 ऊर्जा क्षेत्र का एक प्रमुख आयोजन है। इसका उद्देश्य उद्योग, उपयोगिताओं, पेशेवरों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को नवीकरणीय एकीकरण, ग्रिड की मजबूती,

परिसंपत्ति प्रबंधन और डिजिटल परिवर्तन के भविष्य को आकार देने के लिए प्रोत्साहित करना है।

बयान में कहा गया है कि 'ग्रिड की मजबूती में नवाचार' विषय पर आधारित यह सम्मेलन नई प्रौद्योगिकियों, बुनियादी ढांचे और स्मार्ट समाधानों पर ध्यान केंद्रित करेगा, जो ऊर्जा के उत्पादन, संचरण, वितरण और उपभोग के तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं।

यह कार्यक्रम विद्युत मंत्रालय की संरक्षण में पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (पावरग्रिड) द्वारा नौ से 11 मार्च 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें सीआईजीआरई, इंडिया सहयोगी के रूप में शामिल है।

परिसीमन : द्रमुक सांसदों ने संसद में मुद्दा उठाने और अन्य दलों के साथ समन्वय करने का संकल्प लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसदों ने लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे पर तमिलनाडु के अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने का रविवार को संकल्प लिया और कहा कि जनसंख्या आधारित परिसीमन से न सिर्फ दक्षिणी राज्यों बल्कि ओडिशा और पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्य भी प्रभावित होंगे। सोमवार को संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के शुरू होने से पूर्व पार्टी अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की अध्यक्षता में द्रमुक सांसदों की एक बैठक हुई।

बैठक में संसद में परिसीमन मुद्दे को उठाने का निर्णय लेते हुए प्रस्ताव पारित किए गए। 'हिंदी थोपने' सहित अन्य मुद्दे भी उठाए जाएंगे। द्रमुक इस बात पर जोर दे रही है कि लोकसभा सीट के जनसंख्या आधारित परिसीमन से तमिलनाडु की मौजूदा सीट कम हो जाएंगी और वह चाहती है कि परिसीमन 1971 की जनगणना के आधार पर किया जाए।

सांसदों ने कहा कि केंद्र ने इस मुद्दे पर ''स्पष्ट प्रतिक्रिया'' नहीं दी है और भ्रम पैदा कर रहा है तथा स्टालिन को समझ आ गया है कि जनसंख्या नियंत्रण उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए तमिलनाडु और अन्य दक्षिणी राज्यों को ''सजा'' दी जा रही है। सांसदों ने कहा, इस बैठक में इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री स्टालिन के सभी प्रयासों में उनका समर्थन करने और इसे संसद में उठाने तथा यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया कि तमिलनाडु को एक भी लोकसभा सीट न गंवानी पड़े।

इसके अलावा, द्रमुक सांसदों ने आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब के राजनीतिक दलों से समर्थन जुटाने और उन्हें इस मुद्दे पर केंद्र के खिलाफ संघर्ष का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। ऐसा अंदेशा है कि परिसीमन के बाद उपरोक्त सभी राज्यों को लोकसभा की कुछ सीट गंवानी पड़ सकती हैं। इस उद्देश्य के लिए, द्रमुक सांसद गठबंधन दलों के अपने सहयोगियों के साथ समन्वय करेंगे।

मंत्री शेखरबाबू को अन्नामलाई के बारे में बात करने का अधिकारी नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु भाजपा राज्य प्रवक्ता एएनएस प्रसाद ने कहा कि तमिलनाडु के धर्मादाय मंत्री शेखरबाबू को तमिलनाडु भाजपा और तमिलनाडु भाजपा नेता अन्नामलाई की बिना किसी राजनीतिक शालीनता के बहुत ही बुरे तरीके से लगातार आलोचना करना बंद करना चाहिए। मंत्री शेखरबाबू, जिन्होंने पहले कहा था कि द्रमुक सदस्य अन्नामलाई की तरह बाहर से नहीं लाए गए हैं, उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि अन्ना को पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता के साथ विश्वासघात करने के कारण द्रमुक से निकाल कर द्रमुक में लाया गया था।

उन्होंने कहा कि भारत में जमीनी स्तर पर काम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर, उन्होंने दुनिया के सबसे शुद्ध जन आंदोलन, आरएसएस से प्रशिक्षण प्राप्त किया और अन्नामलाई राष्ट्रीय कल्याण के लिए राष्ट्रीय पार्टी, भाजपा में शामिल हो गए। अन्नामलाई तमिलनाडु भाजपा के कमल महल के स्तंभ और दबे-कुचले लोगों के लिए एक प्रकाश स्तंभ के रूप में, वे तमिलनाडु भाजपा के नेता के रूप में ईमानदारी से जन कल्याण के काम कर रहे हैं। शेखरबाबू को उनके बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है।

द्रविड़ मॉडल के चलते डीएमके सरकार के जनविरोधी रवैये के कारण तमिलनाडु एक ऐसा राज्य बनता जा रहा है जहां भ्रष्टाचार, सांप्रदायिकता, अलगाववाद, धर्मवाद और आतंकवाद व्याप्त है। यह भ्रष्ट डीएमके सरकार के मुखपत्र शेखर बाबू के लिए अंतिम चेतावनी है, जो बेशर्मी से और तमिलनाडु के लोगों की पीड़ा की परवाह किए बिना कहता है कि, हम भाजपा को द्रविड़ धरती में विभाजन पैदा करने की कोशिश कभी नहीं करने देंगे ऐसी स्थिति में जहां महिलाएं स्वयं पीड़ित हैं और हत्या, डकैती, बलात्कार और नशीली दवाओं की संस्कृति जैसे सांस्कृतिक विकारों के संगम के कारण पीड़ित हैं, और ऐसी स्थिति में जहां स्कूल जाने वाली लड़कियां विशेष रूप से असुरक्षित हैं।

प्रसाद ने शेखर बाबू को किराने की दुकान का प्रबंधक बताया। उन्होंने कहा कि कोलथुर विधानसभा क्षेत्र के सभी छह निर्वाचन क्षेत्रों में, जन कल्याण योजनाओं के छद्म नाम के तहत डीएमके पार्टी की जन कल्याण योजनाएं, हजारों गरीब लोगों को किराने का सामान उपलब्ध कराकर भ्रष्ट धन से धोखा देने के बावजूद वोट पाने में विफल क्यों रहीं, यहां तक कि लोग आश्चर्यचकित थे, क्या वह धर्मार्थ मंत्री हैं? या किराने की दुकान के प्रबंधक हैं? आपको इस बारे में सोचना चाहिए।

डीजीसीए ने चेन्नई हवाई अड्डे पर इंडिगो विमान के पिछले हिस्से के क्षतिग्रस्त होने की जांच शुरू की

चेन्नई/नई दिल्ली। विमानन नियामक डीजीसीए आठ मार्च को चेन्नई हवाई अड्डे पर इंडिगो ए321 विमान के पिछले हिस्से के क्षतिग्रस्त होने की जांच कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। इंडिगो ने रविवार को कहा कि चेन्नई हवाई अड्डे पर उतरने के दौरान एयरबस ए321 विमान का पिछला हिस्सा हवाई पट्टी से टकरा गया था।

एयरलाइन ने एक बयान में कहा, ''विमान उड़ान नहीं भर रहा है और जरूरी मरम्मत और मंजूरी के बाद इसे फिर से इस्तेमाल में लाया जाएगा।'' नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वे घटना की जांच कर रहे हैं। हालांकि, इस बारे में अधिक जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।

कासरगोड में लापता किशोरी और पड़ोसी मृत मिले

कासरगोड/भाषा। केरल के कासरगोड जिले में करीब तीन हफ्ते पहले लापता हुई एक किशोरी (15) और एक व्यक्ति (42) के शव रविवार को एक गांव में मिले। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पायवलिके गांव की निवासी किशोरी 11 फरवरी से लापता थी और उसकी तलाश जारी थी। लड़की के माता-पिता ने पड़ोसी प्रदीप (42) पर आरोप लगाया था। किशोरी के लापता होने के बाद से प्रदीप भी लापता था। पुलिस की 52 सदस्यीय टीम ने रविवार को स्थानीय लोगों के साथ मिलकर इलाके में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान, दोनों के शव लड़की के घर के पास एक पेड़ से लटके हुए मिले। लड़की के माता-पिता ने 12 फरवरी को कुमाबाला थाने में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी और तब से मामले में जांच जारी थी।

बैलगाड़ी दौड ने तमिल थेम्बू महोत्सव को किया रोमांचित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयंबटूर। ईशा में चल रहे तमिल थेम्बू महोत्सव के हिस्से के रूप में, पारंपरिक रेक्ला (बैलगाड़ी) दौड़ रविवार को बड़े उत्साह के साथ आयोजित की गई। अलंदुरई के पास आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में कोयंबटूर उत्तर जिला डीएमके सचिव थिरु टोंडामुथुर रवि मौजूद थे, जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

तमिल विरासत का एक भव्य उत्सव तमिल थेम्बू 27 फरवरी को शुरू हुआ और पिछले 11 दिनों से आदियोगी के सामने चल रहा है। इस उत्सव के एक हिस्से के रूप में, आज अलंदुरई के पास नाथेगौंडनपुदुर गांव में रेक्ला दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें कोयंबटूर, तिरुपुर और अन्य कोंगु क्षेत्रों से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो अपनी बेशकीमती बैलगाड़ियाँ और रेसिंग बैल लेकर आए थे। विजेताओं को अच्छी सम्मान नकद राशि से सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को पदक भी दिए गए।

7 मार्च से आदियोगी के सामने एक भव्य मवेशी और घोड़ा बाजार लग रहा है, जिसमें कंगायम, पुंगनूर, थारपारकर, गिर, साहीवाल और बरगुर सहित 10 से अधिक देशी मवेशी नस्लों की प्रदर्शनी लगाई गई है। रेक्ला रेसिंग बैल, जल्लीकट्टू के युवा बैल और उच्च उपज देने वाली देशी डेयरी गायों पर विशेष ध्यान दिया गया।

इसी तरह, मारवाड़ी और देशी घोड़ों को भी बिक्री के लिए लाया गया। पिछले तीन दिनों में, ईशा ने मवेशियों के लिए चारा, पानी और छायादार बाड़ों की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त, बाजार में आने वाले आगंतुकों के लिए आवास और भोजन की व्यवस्था की गई थी, जिसका समापन सोमवार को होगा।

दिवंगत एडीएम भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं थे : केरल के राजस्व मंत्री राजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुवनंतपुरम/भाषा। केरल के राजस्व मंत्री के. राजन ने रविवार को कहा कि विभाग ने कन्नूर के पूर्व अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम) नवीन बाबू की मौत की आंतरिक जांच पूरी कर ली है और रिपोर्ट सौंप दी है जिसमें अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई सबूत नहीं मिला है। बाबू ने कन्नूर जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष पी.पी. दिव्या द्वारा उनके विदाई समारोह में लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

राजन ने संवाददाताओं से बातचीत में स्पष्ट किया कि यह एक ''तथ्यान्वेषी जांच'' थी, जो वरिष्ठ अधिकारी के भ्रष्टाचार में लिप्त होने और जानबूझकर एक फाइल में देरी करने के दावों के बाद शुरू की गई थी। भूमि राजस्व की संयुक्त आयुक्त ए. गीता द्वारा की गई राजस्व विभाग की जांच में दिवंगत एडीएम के खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई सबूत नहीं मिला। इस रिपोर्ट के मद्देनजर मंत्री की प्रतिक्रिया आई। राजन ने कहा, भूमि राजस्व संयुक्त आयुक्त ने जांच की और तथ्यों एवं दस्तावेजों के आधार पर यह साबित हुआ कि एडीएम नवीन बाबू किसी भी भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं थे।

उन्होंने कहा कि पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है और जांच करने वाली एजेंसी अपनी जांच में राजस्व विभाग के निष्कर्षों की मदद ले सकती है। विभाग की रिपोर्ट में कथित तौर पर संकेत दिया गया है कि बाबू के विदाई समारोह में आरोपी, कन्नूर जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष दिव्या का पहुंचना पूर्व नियोजित था।

राजन ने हालांकि स्पष्ट किया कि राजस्व विभाग मामले से जुड़ी किसी भी साजिश की जांच नहीं कर सकता, क्योंकि यह पुलिस के दायरे में आता है। पुलिस जांच की प्रगति को लेकर पूछे गए सवाल पर राजन ने कहा कि चूंकि मामला अदालत में है, इसलिए वह मंत्री के तौर पर कोई विशेष बयान देने से बचेंगे। उन्होंने कहा, जांच पूरी होने दीजिए। फिलहाल हमारा विश्वास है कि नवीन बाबू के परिवार को न्याय मिलेगा। यदि नहीं मिला तो हम उस समय मामले की जांच कर सकते हैं।

इससे पहले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के प्रदेश सचिव बिनॉय विश्वम ने कहा कि सरकार ने मामले पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए एक वरिष्ठ राजस्व अधिकारी को नियुक्त किया, जो इस मुद्दे पर वामपंथी सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्होंने मीडिया से कहा, ''सच्चाई सामने आएगी और जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए।'' बाबू के परिवार द्वारा की गई केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग के बारे में पूछे जाने पर विश्वम ने कहा कि वह उनके साथ एकजुटता से खड़े हैं। नवीन बाबू के परिवार ने उनकी मौत की सीबीआई जांच का आदेश देने के लिए केरल उच्च न्यायालय का रुख किया है।

पिछले साल 14 अक्टूबर को जिलाधिकारी कार्यालय में विदाई समारोह में कथित तौर पर बिना बुलाए शामिल हुईं दिव्या ने चेंगलाई में पेट्रोल पंप की मंजूरी में कई महीनों की देरी के लिए बाबू की आलोचना की थी और टिप्पणी की थी कि उन्होंने तबादला होने के दो दिन बाद ही इसकी मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा था कि वह अचानक मंजूरी देने के पीछे के कारणों को जानती हैं। अगले दिन बाबू कन्नूर स्थित अपने आवास में मृत पाए गए थे। अधीनस्थ अदालत द्वारा दिव्या की अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद इस घटना के सिलसिले में दिव्या को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बाद में, उन्हें नियमित जमानत पर रिहा कर दिया गया।

विमोचन — दक्षिण भारत राष्ट्रमत

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चेन्नई स्थित श्रीविद्या मुरली ने अपनी तमिल भाषा में महिला सशक्तिकरण और अगली पीढ़ी के लिए जीवन सबक और व्यक्तिगत कहानियों का संकलन के रूप में पहली पुस्तक 'अलोसनई नेरम' का विमोचन किया है। श्रीविद्या मुरली, एक अनुभवी शिक्षिका और विज्ञान शिक्षिका, जिन्होंने 10 वर्षों से अधिक समय तक अध्यापन किया है, अपनी पहली पुस्तक के विमोचन की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रही हैं - जो उनके जीवन के अनुभवों पर आधारित लघु कथाओं और व्यक्तिगत उपाख्यानों का एक हृदयस्पर्शी संग्रह है।

बैलगाड़ी दौड़ ने तमिल थेम्बू महोत्सव को रोमांचित किया

कोयंबटूर। ईशा में चल रहे तमिल थेम्बू महोत्सव के हिस्से के रूप में, पारंपरिक रेक्ला (बैलगाड़ी) दौड़ रविवार को बड़े उत्साह के साथ आयोजित की गई। अलंदुरई के पास आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में कोयंबटूर उत्तर जिला डीएमके सचिव थिरु टोंडामुथुर रवि मौजूद थे, जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। तमिल विरासत का एक भव्य उत्सव तमिल थेम्बू 27 फरवरी को शुरू हुआ और पिछले 11 दिनों से आदियोगी के सामने चल रहा है। इस उत्सव के एक हिस्से के रूप में, आज अलंदुरई के पास नाथेगौंडनपुदुर गांव में रेक्ला दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें कोयंबटूर, तिरुपुर और अन्य कोंगु क्षेत्रों से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो अपनी बेशकीमती बैलगाड़ियाँ और रेसिंग बैल लेकर आए थे। विजेताओं को अच्छी सम्मान नकद राशि से सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को पदक भी दिए गए। 7 मार्च से आदियोगी के सामने एक भव्य मवेशी और घोड़ा बाजार लग रहा है, जिसमें कंगायम, पुंगनूर, थारपारकर, गिर, साहीवाल और बरगुर सहित 10 से अधिक देशी मवेशी नस्लों की प्रदर्शनी लगाई गई है। रेक्ला रेसिंग बैल, जल्लीकट्टू के युवा बैल और उच्च उपज देने वाली देशी डेयरी गायों पर विशेष ध्यान दिया गया।

रविवार को बेंगलूरु में बेंगलूरु दक्षिण के सांसद तेजस्वी सूर्या के विवाह समारोह में मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। प्रख्यात प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शीला माने का कहना है कि स्वस्थ जीवन के लिए अच्छा आहार, योग और प्राणायाम आवश्यक है। श्रीमती शीला माने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में महिला कर्मचारियों को संबोधित कर रही थीं। शीला माने ने 45 वर्ष से कम आयु की महिलाओं को गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण के महत्व पर बात की और सलाह दी, तथा तनाव से मुक्ति, चुनौतियों से निपटने और महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर उपयोगी जानकारी प्रदान की।

महिला दिवस समारोह में एक अन्य अतिथि, बेंगलूरु पश्चिम साइबर अपराध प्रभाग की सहायक पुलिस आयुक्त उमारानी ने बात की और महिला बैंक कर्मचारियों से साइबर धोखाधड़ी के खतरों के बारे में ग्राहकों के बीच जागरूकता पैदा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी पार्थसारथी नायडू और पी. के. दास ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सुश्री जीविता ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

फूल विक्रेताओं ने भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या से कहा

गुलदस्ते 'राष्ट्रीय बर्बादी' नहीं हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दक्षिण भारत पुष्पकृषि संघ ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद तेजस्वी सूर्या से फूलों के गुलदस्तों को 'राष्ट्रीय बर्बादी' बताने वाले अपने हालिया बयान को वापस लेने का आग्रह किया। सूर्या ने 10 मार्च को होने वाले अपने विवाह समारोह के लिए जनता को आमंत्रित करते हुए फेसबुक और यूट्यूब लाइव सत्रों में लोगों से फूलों के गुलदस्ते देने से परहेज करने का अनुरोध करते हुए इसे 'राष्ट्रीय बर्बादी'' करार दिया था। बेंगलूरु दक्षिण से लोकसभा सदस्य तेजस्वी सूर्या ने बृहस्पतिवार को पारंपरिक समारोह में शास्त्रीय गायक-भरतनाट्यम नृत्यांगना शिवश्री स्कंदप्रसाद से विवाह किया। दक्षिण भारत पुष्पकृषि संघ के अध्यक्ष टी एम अरविंद ने कहा कि एक जिम्मेदार नेता की ओर से इस तरह की टिप्पणी अनुचित' है और उन लाखों किसानों की कड़ी मेहनत को कमजोर करती है जो अपनी आजीविका के लिए फूलों की खेती पर निर्भर हैं।

अरविंद के मुताबिक कर्नाटक में फूलों की खेती 38,000 हेक्टेयर में की जाती है, जिसमें 1,500 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में व्यावसायिक फूलों की खेती की जाती है।

उन्होंने कहा, यह क्षेत्र प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 11 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करता है, जबकि 2.8 लाख एकड़ में फूलों की खेती से 52 लाख से अधिक लोग लाभान्वित होते हैं। अरविंद ने रेखांकित किया कि चिक्कबल्लापुरा से भाजपा सांसद के. सुधाकर ने हाल ही में संसद में कहा था कि चिक्कबल्लापुरा क्षेत्र में 25,000 एकड़ भूमि पर फूलों की खेती की जाती है और उन्होंने उद्योग को समर्थन देने के लिए पुष्पकृषि बोर्ड की स्थापना का प्रस्ताव रखा था।

पुडुचेरी विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से शुरू होगा

पुडुचेरी/भाषा। पुडुचेरी विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन के पारंपरिक अभिभाषण के साथ शुरू होगा। विधानसभा सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि सत्र कल सुबह साढ़े नौ बजे शुरू होगा। यह 15वीं विधानसभा का छठा सत्र होगा। सूत्रों ने कहा कि वित्त विभाग का कार्यभार संभाल रहे मुख्यमंत्री एन रंगासामी 12 मार्च को सदन में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्र शासित प्रदेश का बजट पेश करेंगे। विधानसभा में 30 निर्वाचित सदस्य और तीन मनोनीत विधायक हैं।

राजस्थान को प्रमुख औद्योगिक केन्द्र बनाना हमारा लक्ष्य : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत हुए एमओयू को धरातल पर लागू करने की दिशा में प्रभावी रूप से कार्य किया जा रहा है, जिसके सुखद परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को एमओयू की क्रियान्विति के लिए परस्पर सामंजस्य और सतत मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ राज्य सरकार राइजिंग राजस्थान समिट के तहत हुए एमओयू की क्रियान्विति सुनिश्चित कर रही है। जिन निवेशकों ने एमओयू किया हैं, उनमें से कई निवेशकों ने तो धरातल पर कार्य भी प्रारंभ कर दिया है।

आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए मुख्यमंत्री ने ऊर्जा और जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्बाध बिजली और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। शर्मा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवा की उपलब्धता सहित आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी जिलों का नियमित दौरा भी करें। साथ ही, अधिकारी आमजन से जुड़ी सभी परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान को देश का प्रमुख औद्योगिक केन्द्र बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में उन्होंने रीको को प्रदेश में नए औद्योगिक क्षेत्र के लिए जमीन की संभावना तलाश करने के लिए भी निर्देशित किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने रीको को लैंडबैंक बनाने के लिए जिला कलक्टर्स के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित दिए। इस लैंडबैंक के माध्यम से निवेशकों को जमीन की उपलब्धता के बारे में सुगमता से जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने मुख्य सचिव को जमीन आवंटन के प्रकरणों की नियमित समीक्षा करने के लिए भी निर्देशित किया।

शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य के दृष्टिगत प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र का विकास अतिआवश्यक है। इसलिए जिलों से लेकर गांव-ढ़ाणी तक राज्य सरकार की योजनाओं एवं नीतियों की प्रगति, बजट 2025-26 एवं राइजिंग राजस्थान एमओयू के क्रियान्वयन की सघन समीक्षा की जाए। इसी क्रम में मुख्यमंत्री आगामी दिनों में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम जिला प्रशासन के कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पर्यटन विभाग ने राइजिंग राजस्थान समिट के अंतर्गत हुए एमओयू के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री इसी कड़ी में आगामी समीक्षा बैठक में नगरीय विकास एवं आवासन तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा किए गए एमओयू की विभागवार समीक्षा करेंगे। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव उपस्थित रहे।

अधिवक्ता की हत्या के विरोध में वकीलों ने किया प्रदर्शन

जयपुर। राजस्थान के अजमेर में एक अधिवक्ता की हत्या के विरोध में शनिवार को वकीलों ने प्रदर्शन किया। वकीलों के आह्वान पर शनिवार को अजमेर, पुष्कर, नसीराबाद और ब्यावर में बाजार बंद रहे। बंद के दौरान वकीलों की टोलियां बाजारों में घूमती रहीं। उल्लेखनीय है कि गत दो मार्च की रात को पुष्कर में अधिवक्ता पुरुषोत्तम पर हमला हुआ था और सात मार्च को उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस घटना से आक्रोशित वकीलों ने अजमेर बंद का आह्वान किया।

उग्र वकीलों ने अजमेर में कुछ स्थानों पर दुकानों में तोड़फोड़ की। उन्होंने आनासागर के पास एक दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी की पिटाई भी की। जिलाधिकारी लोक बंधु और पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने प्रदर्शनकारी वकीलों को तितर-बितर किया। हालांकि, शहर के अन्य हिस्सों में विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

विवाहिता के साथ कथित दुष्कर्म मामले में पुलिस कांस्टेबल हिरासत में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने एक कांस्टेबल को विवाहित महिला का बयान दर्ज करने के बहाने उसके साथ बलात्कार करने के आरोप में रविवार को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सांगानेर के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि पीड़िता के पति ने कांस्टेबल भागाराम के खिलाफ शनिवार रात को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि दर्ज प्राथमिकी के अनुसार सांगानेर थाने में तैनात कांस्टेबल भागाराम पड़ोसी के खिलाफ पीड़ित द्वारा शुक्रवार को दर्ज कराई गयी शिकायत के सिलसिले में बयान दर्ज करवाने के बहाने शनिवार को उसके घर पहुंचा और उसकी पत्नी को एक होटल के कमरे में ले गया।

शिकायतकर्ता ने बताया कि जिस समय आरोपी कांस्टेबल घर गया था उस समय वह काम पर गया हुआ था। उन्होंने बताया कि आरोपी कांस्टेबल ने शिकायतकर्ता की पत्नी और उसके तीन साल के बेटे को अपनी बाइक पर एक होटल में ले गया और कपड़े बदलने की बात कहकर कमरा मांगा।

उन्होंने बताया उसके बाद आरोपी कांस्टेबल ने होटल के कमरे में उसके तीन साल के बेटे के सामने उसकी पत्नी के साथ बलात्कार किया।

पुलिस ने बताया कि जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी कांस्टेबल ने उसके पति को जेल में डालने की धमकी दी। उसने यह भी धमकी दी कि अगर उसने घटना के बारे में किसी को बताया तो वह कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा, आरोपी कांस्टेबल को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। बलात्कार की पुष्टि के लिए महिला की चिकित्सा जांच भी कराई जा रही है।

भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य हो : बागड़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि परस्पर सद्भाव ही समता से जुड़ी हमारी संस्कृति है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति व्यक्ति में भेद नहीं हो। छुआछूत नहीं हो। मनों का मेल हो।

जहां कोई छोटा या बड़ा नहीं होता वहीं समता भाव होता है। उन्होंने संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ. बी.आर अंबेडकर द्वारा में पहले भारतीय हूँ और अंतिम रूप में भारतीय रहूँगा। की चर्चा करते हुए इस संदेश को सभी को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने संविधान निर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों को याद करते हुए, प्राचीन भारतीय ज्ञानपरम्परा का उल्लेख करते हुए और भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य करने पर जोर दिया।

बागड़े संविधान निर्माण के 75 साल पूर्ण होने के अवसर पर कोरो इंडिया द्वारा आयोजित 'समता महोत्सव 2025' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सामाजिक न्याय, समता, बंधुता और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

एक क्विंटल से अधिक गांजा बरामद

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक मकान में दबिश देकर 109 किलो 86 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस दल ने बलाईयों का झोंपडा में चम्पा लाल के मकान में दबिश दी, जहां चम्पालाल के समक्ष मकान की तलाशी ली गयी, तो वहां कट्टों में भरा हुआ गांजा मिला, जो वजन करवाने पर 109 किलो 86 ग्राम पाया गया। पुलिस ने गांजा जब्त करके चम्पालाल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में चम्पालाल ने बताया कि यह गांजा गांव के ही एक व्यक्ति ने उसके घर रखा था। इसके लिये उसने उसे रुपये दिये हैं। पुलिस चम्पालाल से पूछताछ कर रही है।

ग्रामीण विकास प्रदेश की खुशहाली और प्रगति की आधारशिला : चौधरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि ग्रामीण विकास प्रदेश की खुशहाली और प्रगति की आधारशिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाया जाएगा। किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्ग के हितों के लिए हमारी सरकार लगातार जनकल्याणकारी निर्णय ले रही है।

कैबिनेट मंत्री चौधरी रविवार को उपखंड मालपुरा की विभिन्न ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्राम चांदसेन, कड़ीला, धोली, लावा, चबराना और नगर पालिका डिग्गी में जनसुनवाई की।

लोगों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्रों पर चौधरी ने कहा कि आपकी समस्याओं का आगामी 15 दिन में समाधान किया जाएगा। जिन समस्याओं का नियमानुसार समाधान किया जाना संभव नहीं होगा इसकी भी सूचना परिवादी को दी जाएगी। गांवों में कराए जाने वाले विकास कार्यों पर जलदाय मंत्री ने कहा कि चरणबद्ध रूप से इनको पूर्ण किया जाएगा।

डबल इंजन की सरकार 8 करोड़ प्रदेशवासियों के विश्वास को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गांवों में आवागमन को बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए अटल प्रगति पथ और एमडीआर सड़कों का निर्माण कराया जाएगा।

जनसुनवाई के दौरान चौधरी ने कहा कि नगर पालिका डिग्गी में शहरी पेयजल योजनाओं के संवर्धन, सुदृढीक़रण का कार्य कराए जाने से क्षेत्र के लोगों को शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल सुलभ हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राम जल सेतु लिंक परियोजना से क्षेत्र के वृहद एवं मध्यम तथा अन्य लघु बांधों को पानी से भरा जाएगा। यह परियोजना राज्य की समृद्धि के लिए मील का पत्थर साबित होगी। आने वाली पीढ़ियों को भविष्य में पीने के पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

आइफा डिजिटल अवॉर्ड्स में 'अमर सिंह चमकीला' और 'पंचायत' रहा दबदबा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पिंकसिटी जयपुर में 25वें अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) डिजिटल अवॉर्ड्स 2025 का आयोजन हुआ। आईफा अवॉर्ड 2025 की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। इस बार का आईफा राजस्थान के जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। साल 2000 में शुरू हुए इस अवॉर्ड को 25 साल हो चुके हैं। जयपुर में चल रहे आईफा अवॉर्ड्स के 25वें सिल्वर जुबली कार्यक्रम में बीती रात डिजिटल अवार्ड्स की अनाउंसमेंट की गई। जिसमें ओटीटी के तमामा बेहतरीन सितारों के सम्मानित किया गया। इवेंट में इम्तियाज की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' और सीरीज 'पंचायत' का दबदबा देखने को मिला।

मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार कृति सनोन को फिल्म दो पत्ती के लिये मिला। मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता से विक्रांत मैसी को उनकी फिल्म सेक्टर 36 के लिये नवाजा गया। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार इम्तियाज अली को उनकी फिल्म अमर सिंह चमकीला के लिए दिया गया। अमर सिंह चमकीला को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया गया। सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार अनुप्रिया गोयनका को फिल्म बर्लिन के लिये मिला।सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दीपक डोबरियाल को फिल्म सेक्टर 36 के लिये मिला।सर्वश्रेष्ठ कहानी का पुरस्कार कनिका ढिल्लों को फील दो पत्ती के लिए दिया गया।

सीरीज कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ सीरीज का पुरस्कार पंचायत सीजन 3 को दिया गया। श्रेया चौधरी को मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से बंदिश बैंडिट्स सीजन 2 सीरीज के लिये नवाजा गया। मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जितेंद्र कुमार को पंचायत सीजन 3 के लिये दिया गया। सीरीज में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवार्ड दीपक कुमार मिश्रा को पंचायत सीजन 3 के लिये मिला। सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार के लिए संजीदा शेख को दिया गया।

आईफा के तहत राजमंदिर में देखी 'शोले' फिल्म

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आईफा) समारोह के दूसरे दिन रविवार को यहां प्रसिद्ध राजमंदिर सिनेमा में शोले फिल्म देखी गई। आईफा के तहत शोले फिल्म दिखाने के लिए किए गए विशेष आयोजन में रमेश सिप्पी और सूरज बड़जात्या सहित फिल्म से जुड़े कई लोगों ने अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर फिल्म 'शोले' और राज मंदिर सिनेमा घर दोनों ही इस साल अपनी गोल्डन जुबली मना रहे हैं।

इस आयोजन में राज्य के उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी भाग लिया और कहा कि बचपन से सूरज बड़जात्या की हर फिल्म देखी है। जो फिल्में आप लोगों ने बनाई है, वो यादगार हैं। सुराणा परिवार को बधाई देते हुए उन्होंने कहा मैं यहां बेटी की हैसियत से आई हूं। राजमंदिर के सुराणा परिवार से हमेशा पारिवारिक नाता रहा है। मुझे याद है। मेरे पिताजी थे, तब से राज मंदिर परिवार से नाता रहा है। मैं यहां डिप्टी सीएम के नाते नहीं बल्कि एक बेटी के तौर पर आई हूं। उन्होंने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आईफा के 25 साल और राज मंदिर के 50 साल पूरे हुए हैं। इस मौके पर सिनेमा हॉल से जुड़ी अपनी यादों का ज़िक्र करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा राज मंदिर से मेरी बहुत यादें जुड़ी हैं। मेरी कोशिश रहती थी कि बॉक्स में मुझे जगह मिल जाए। उन्होंने सिप्पी और बड़जात्या की फिल्मों की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी फिल्में माइलस्टोन है, जिन्होंने इतिहास बनाया है।

आईफा के माध्यम से विश्व स्तर पर प्रचारित हो रही है राजस्थान की पर्यटन, कला एवं संस्कृति : दीयाकुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फ़िल्म अकादमी पुरस्कार (आईफा) 2025 समारोह मनाया जा रहा है और इस दौरान गुलाबी नगरी फिल्मी सितारों से गुलजार है और इसमें उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि राजस्थान में फिल्म एवं पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और आईफा के माध्यम से प्रदेश की पर्यटन, कला एवं संस्कृति को विश्व स्तर पर प्रचारित करने का अवसर मिल रहा है।

दीयाकुमारी ने समारोह में शिरकत की और इस मौके उन्होंने कहा कि भारत में मुंबई के बाद जयपुर में दूसरी बार इस तरह का इतना बड़ा यह आयोजन हो रहा है जो बड़ी गर्व की बात हैं और राजस्थान इस तरह के आयोजनों के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म जगत से जुड़े लोग राजस्थान की धरती पर आएंगे तो उन्हें पूर्ण सहयोग मिलेगा। बेहतरीन लोकेशन की बात हो, चाहे रेतीले धोरों की बात हो या फिर महल किलों की, हरे-भरे अभ्यारण की बात हो या फिर सपाट मैदानों और प्राचीन मंदिरों की, यहां सब मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'विकसित भारत' के निर्माण में फिल्म एवं पर्यटन क्षेत्र भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।

उपमुख्यमंत्री ने समारोह में मौजूद फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि न सिर्फ राजस्थान का पर्यटन विभाग बल्कि पूरी राज्य सरकार और राजस्थान के आठ करोड लोग प्रदेश को विकसित बनाने के लिए कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कहां की राजस्थान के दरवाजे हमेशा खुले हैं।

नेत्रदान महादान, इसके लिए लोगों को प्रेरित किया जाए : बागड़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि नेत्रदान महादान है, इसके लिए अधिकाधिक लोगों को प्रेरित किया जाना चाहिए। बागड़े रविवार को 'आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान' द्वारा आयोजित 'नेत्रदानी परिवार सम्मेलन समारोह' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में करीब सवा करोड़ लोग दृष्टिहीन हैं। अंधता निवारण में नेत्रदान की संस्कृति विकसित करने में सभी को सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर बागड़े ने नेत्रदान से जुड़े परिवारों का अभिनंदन और स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि मृत्यु से पूर्व नेत्रदान का संकल्प करके यदि व्यक्ति अपनी आँखें दान कर जाएं तो देश के सभी नेत्रहीन लोगों को एक ही वर्ष में आँखें मिल जाएंगी। जो नेत्रदान करता है, वह साधु होता है। मनुष्य वही है जो मनुष्य के काम आए। बागड़े ने इससे पहले 'आई सोसायटी' के वार्षिक प्रतिवेदन का भी लोकार्पण किया।

समारोह में 'आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान' के अध्यक्ष डॉ. बी.एल. शर्मा ने नेत्रदान जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों और सोसायटी की पहल से नेत्रदान क्षेत्र में की गई विशिष्ट उपलब्धियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

राजस्थान में झुलसाने लगी गर्मी, मार्च में अधिकतम तापमान 38 पार

जयपुर। राजस्थान में इस बार होली से पहले ही भीषण गर्मी की आहट महसूस होने लगी है। प्रदेश में मार्च के पहले पखवाड़े में ही अधिकतम तापमान 38 डिग्री को पार कर चुका है और मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी किए हैं कि अगले 24 घंटे में तापतान 2 डिग्री तक और बढ़ सकता है। तापमान में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी पश्चिमी राजस्थान के क्षेत्र में हुई है। यहां कई जिलों में अधिकतम पारा 35 डिग्री को पार कर गया है। फिलहाल मौसम शुष्क है और आसमान साफ है लेकिन 10 से 14 मार्च तक प्रदेश के कुछ हिस्सों में बादल छाए रह सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार होली के बाद गर्मी तेज होगी।

तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। आने वाले सप्ताह के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है।

सरकार का साथ मिले, तो युवा किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मेरठ/भाषा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि अगर सरकार युवाओं के साथ खड़ी हो, तो वे (युवा) प्रत्येक चुनौतियों का सामना करते हुए अपना रास्ता खुद बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रगति में आने वाली हर बाधा को दूर करने के लिए सरकार संकल्पित है।

योगी ने युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत मेरठ एवं सहारनपुर मंडल के 1,070 युवाओं को 48 करोड़ रुपए के ऋण वितरण के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा, युवाओं के लिए चुनौती, चुनौती नहीं है। अगर सरकार उनके साथ खड़ी हो तो वे चुनौतियों का सामना करते हुए अपना रास्ता खुद बना सकते हैं। उत्तर प्रदेश के युवाओं ने खुद को आगे बढ़ाने का काम किया है। योगी ने कहा कि बहुत सारे ऐसे युवा हैं, जो नौकरी न करके अपना खुद का कारोबार शुरू करना चाहते हैं और वह अपने मां-बाप पर आश्रित न होकर अपनी मेहनत से खुद की पहचान बनाना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, '' अपनी मेहनत पर विश्वास करने वाले ऐसे युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए हम लोगों ने व्यवस्था दी है कि पहले चरण में पांच लाख रुपए तक ब्याज मुक्त कर्ज हम उपलब्ध करायेंगे।''

योगी ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के लिए इसमें विशेष प्रावधान किया गया है और इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना' के अंतर्गत अब तक ऋण लेकर जिन्होंने अपना कारोबार शुरू किया है, उन युवाओं ने सफलता की कहानी लिखी है और यह साबित किया है कि युवा के लिए चुनौती कोई चुनौती नहीं होती और यदि सरकार उनके साथ खड़ी हो जाए तो वह चुनौतियों का सामना करते हुए अपना मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

योगी ने कहा, ''यह नये भारत का नया उत्तर प्रदेश है। मेरठ और सहारनपुर में इस योजना को आगे बढ़ाने में मुझे प्रसन्नता हो रही है और 1,070 (लाभार्थी) नये युवा उद्यमी इस क्षेत्र को दे रहे हैं।'' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ''यह योजना राज्य को एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी और भारत पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती।''

नीतीश कुमार ने चयनित करीब 50 हजार शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पटना/भाषा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को चयनित 51,389 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

इन शिक्षकों की भर्ती बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई-3) के तीसरे चरण के तहत की गई है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि तीन चरणों में भर्ती किए गए 2,68,548 शिक्षकों के अलावा, 42,918 अभ्यार्थियों ने प्रधानाध्यापकों की परीक्षा उत्तीर्ण की है और उन्हें अगले महीने नियुक्ति पत्र मिल जाएंगे। उन्होंने कहा, ''इसके अलावा पूर्व में पहले पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों द्वारा नियुक्त 2,53,961 शिक्षकों ने भी सरकारी कर्मचारी का दर्जा पाने के लिए योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।'' कुमार ने कहा,''अब राज्य में सरकारी शिक्षकों की कुल संख्या 5,65,427 हो जाएगी।''उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राज्य में शिक्षा क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा, '' राज्य बजट में शिक्षा का हिस्सा 22 प्रतिशत तक पहुंच गया है, और इसे और बढ़ाया जाएगा। शुरुआत से ही शिक्षा, खासकर लड़कियों की शिक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।''

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि इन शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ववर्ती महागठबंधन सरकार के दौरान शुरू हुई थी।

महाकुंभ के दौरान पानी की गुणवत्ता स्नान के लिए उपयुक्त थी : सीपीसीबी रिपोर्ट

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी)को सौंपी अपनी नई रिपोर्ट में कहा गया है कि सांख्यिकीय विश्लेषण के अनुसार प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ के दौरान पानी की गुणवत्ता स्नान के लिए उपयुक्त थी।

सीपीसीबी की रिपोर्ट में कहा गया है कि सांख्यिकीय विश्लेषण इसलिए आवश्यक था क्योंकि एक ही स्थान से अलग-अलग तिथियों और एक ही दिन में अलग-अलग स्थानों से एकत्र किए गए नमूनों में ''आंकड़ों की भिन्नता'' थी, जिसके कारण ये ''नदी क्षेत्र में समग्र नदी जल की गुणवत्ता'' को प्रतिबिंबित नहीं करते थे। बोर्ड की 28 फरवरी की तारीख वाली इस रिपोर्ट को सात मार्च को एनजीटी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। बोर्ड ने 12 जनवरी से लेकर अब तक प्रति सप्ताह दो बार, जिसमें स्नान के शुभ दिन भी शामिल हैं, गंगा नदी पर पांच स्थानों तथा यमुना नदी पर दो स्थानों पर जल निगरानी की है।

रिपोर्ट में कहा गया है, ''विभिन्न तिथियों पर एक ही स्थान से लिए गए नमूनों के लिए विभिन्न मापदंडों जैसे पीएच, घुलित ऑक्सीजन (डीओ), जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) और फीकल कोलीफॉर्म काउंट (एफसी) के परिमाण में अहम बदलाव देखे गए है। एक ही दिन एकत्र किए गए नमूनों के लिए उपर्युक्त मापदंडों के परिमाण भी अलग-अलग स्थानों पर भिन्न होते हैं।'' रिपोर्ट के मुताबिक जल में ऑक्सीजन की मात्रा या डीओ, जल में कार्बनिक पदार्थों को खंडित करने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन की मात्रा को मापता बीओडी, तथा सीवेज संदूषण का सूचक एफसी जल की गुणवत्ता के प्रमुख संकेतक हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एक विशेषज्ञ समिति ने ''आंकड़ों में परिवर्तनशीलता'' के मुद्दे की जांच की और कहा कि ''आंकड़ा एक विशिष्ट स्थान और समय पर जल गुणवत्ता का तत्कालिक स्थिति को दर्शाता है और यह ऊपरी धारा में मानवजनित गतिविधियों (मानव क्रियाकलापों), प्रवाह की दर, नमूने की गहराई, नमूने का समय, नदी की धारा और धाराओं का मिश्रण, नमूना स्थान और ऐसे कई अन्य कारकों के आधार पर काफी भिन्न हो सकता है''।

प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी परिदृश्य में सत्ता विरोध को सत्ता समर्थन में बदला : जेपी नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अगरतला/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी परिदृश्य में सत्ता विरोधी भावना को सत्ता समर्थक भावना में बदलकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है।

नड्डा ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए पिछले तीन लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के पक्ष में बढ़ते मत प्रतिशत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, अब मोदी ने सत्ता विरोधी भावना को सत्ता समर्थक भावना में बदलकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। सत्ता समर्थक भावना का मतलब है कि लोग खुश हैं और चाहते हैं कि मोदी बार-बार जीतें। नड्डा ने कहा, भाजपा को 2014 लोकसभा चुनाव में 17 करोड़ वोट (31.30 प्रतिशत) मिले थे, जो 2019 में बढ़कर 22 करोड़ (36.7 प्रतिशत) हो गये। पिछले लोकसभा चुनाव (2024) में यह आंकड़ा करीब 24 करोड़ वोट (37 प्रतिशत) था। लोग हर बार मोदी जी को अधिक मतों से आशीर्वाद दे रहे हैं। भाजपा प्रमुख यहां स्वामी विवेकानंद मैदान में राज्य सरकार के दूसरे कार्यकाल की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर एक रैली को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने त्रिपुरा के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की तुलना में मोदी काल में कर हस्तांतरण में पांच गुना वृद्धि हुई है। नड्डा ने कहा, संप्रग सरकार के दौरान त्रिपुरा को कर के रूप में 9,000 करोड़ रुपए मिलते थे जो बढ़कर 46,500 करोड़ रुपए हो गए हैं। इसी तरह, अनुदान सहायता जो संप्रग सरकार के समय 31,000 करोड़ रुपए थी, वह बढ़कर 54,000 करोड़ रुपए हो गई है। नड्डा ने अगले दो वर्षों में त्रिपुरा के चार रेलवे स्टेशनों अगरतला, उदयपुर, धर्मनगर और कुमारघाट के आधुनिकीकरण की भी घोषणा की। उन्होंने प्रशासन में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए भाजपा नीत सरकार की सराहना की।

मुसलमानों को उनके अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर किया जा रहा : मौलाना मदनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने रविवार को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य संगठनों द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ आहूत विरोध प्रदर्शन को समर्थन देते हुए दावा किया कि मुसलमानों को उनके अधिकारों को पुनः प्राप्त करने के लिए सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

जमीयत प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि 12 फरवरी, 2025 को संगठन की कार्यसमिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि यदि विधेयक पारित होता है, तो जमीयत उलेमा-ए-हिंद की सभी राज्य इकाइयां अपने-अपने राज्य के उच्च न्यायालयों में इस कानून को चुनौती देंगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, जमीयत इस विश्वास के साथ उच्चतम न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाएगी कि न्याय मिलेगा, क्योंकि ''अदालत हमारे लिए अंतिम सहारा है''। उन्होंने 13 मार्च को यहां जंतर-मंतर पर प्रस्तावित ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य राष्ट्रीय संगठनों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए कहा कि मुसलमानों को उनके अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों से मुसलमानों ने बहुत धैर्य और सहनशीलता का परिचय दिया है।

मदनी ने एक बयान में कहा, ''हालांकि, अब जब वक्फ संपत्तियों के बारे में मुसलमानों की चिंताओं की अनदेखी की जा रही है और एक असंवैधानिक कानून जबरन थोपा जा रहा है, तो विरोध करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है।'' उन्होंने कहा कि अपने धार्मिक अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना देश के हर नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार है। जमीयत प्रमुख ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक पेश किए जाने के बाद से, ''हम सरकार को यह समझाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि वक्फ पूरी तरह से धार्मिक मामला है।''

उन्होंने कहा, ''वक्फ संपत्तियां हमारे पूर्वजों द्वारा समुदाय के कल्याण के लिए दिए गए दान हैं और इसलिए हम उनमें किसी भी सरकारी हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं कर सकते।''

उन्होंने आरोप लगाया, ''मुसलमान अपने शरीयत से बिल्कुल भी समझौता नहीं कर सकते, क्योंकि यह उनके अधिकारों का मामला है, न कि केवल उनके अस्तित्व का। मौजूदा सरकार एक नया वक्फ संशोधन अधिनियम लाकर देश के संविधान द्वारा मुसलमानों को दिए गए अधिकारों को छीनना चाहती है।''

मदनी ने आरोप लगाया, ''हम संविधान द्वारा हमें दिए गए अधिकारों और शक्तियों को पुनः प्राप्त करने के लिए प्रदर्शन करने वाले हैं। वक्फ संशोधन विधेयक जैसे कानून लाकर इन संवैधानिक अधिकारों का हनन करने का प्रयास किया जा रहा है।''

बिहार में धर्मगुरुओं का राजनीतिक उपयोग कर रहे राजग के नेता : अनवर

कटिहार (बिहार)/भाषा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर ने रविवार को बिहार में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले आचार्य धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा जैसे धार्मिक नेताओं का 'राजनीतिक इस्तेमाल' करने का आरोप लगाया। यहां एक प्रेस वार्ता में अनवर से शास्त्री के गोपालगंज दौरे के बारे में पूछा गया था। शास्त्री के यहां सोमवार तक रहने की संभावना है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, ''मुझे इन धार्मिक नेताओं के कहीं भी जाने से कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन, मुझे आश्चर्य है कि उन्हें हमेशा चुनाव वाले क्षेत्रों में क्यों भेजा जाता है।'' अनवर ने आरोप लगाया, ''ऐसा लगता है कि राजग इन 'बाबाओं' का राजनीतिक इस्तेमाल कर रहा है, क्योंकि वह शासन के मामले में अपने निराशाजनक ट्रैक रिकॉर्ड के साथ चुनावों में लोगों का सामना करने को लेकर चिंतित है।'' शास्त्री (29) अपने भाषणों में भारत को 'हिंदू राष्ट्र' बनाने की जरूरत बताते रहे हैं, जिस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विरोधी दलों की तीखी प्रतिक्रिया आ रही है। विपक्षी दलों का दावा है कि उन्हें धार्मिक आधार पर मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने के लिए भाजपा द्वारा समर्थन दिया जा रहा है।

युवाओं को कमजोर करने वाले मोटापे और मधुमेह की भारत में जगह नहीं: जितेंद्र सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद/भाषा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि ऐसे समय में जब भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा रखता है, देश अपनी युवा पीढ़ी की ऊर्जा को मधुमेह, मोटापे और अन्य बीमारियों के कारण बर्बाद नहीं होने दे सकता।

उन्होंने कहा कि ये तीनों समस्याएं महामारी के रूप में फैल रही हैं। उन्होंने यहां 'डायबिटीज इन प्रेगनेंसी स्ट्डी ग्रुप ऑफ इंडिया' (डीआईपीएसआई) के वार्षिक सम्मेलन के इतर पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटापे के खतरे के बारे में कई बार बात की है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सिंह ने कहा, आज के विषय की प्रासंगिकता यह है कि भारत में मधुमेह महामारी की तरह फैल रहा है और ठीक इसी तरह मोटापा भी। ये सभी चयापचय (मेटाबॉलिज्म) संबंधी विकार हैं। हर तीसरे भारतीय को फैटी लीवर (यकृत में सूजन) है।

सिंह ने कहा कि भारत, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और पहले पायदान पर पहुंचने का लक्ष्य रखता है। उन्होंने कहा कि देश की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी 40 वर्ष से कम आयु की है।

उन्होंने कहा कि 2047 के भारत के निर्माता, आज की वह पीढ़ी है, जो उस वर्ष तक अपनी ऊर्जा और विशेषज्ञता के शिखर पर पहुंचने के लिए आगे बढ़ रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बचपन में मोटापे के परिणामों के बारे में भी बात की।

सिंह ने मोटापे और मधुमेह के खिलाफ जागरूकता फैलाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था में मधुमेह की रोकथाम इसके बढ़ते बोझ को नियंत्रित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मधुमेह के तेजी से प्रसार को रोकने के लिए विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं में मधुमेह की शुरुआती जांच की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया।

मणिपुर के कुकी- बहुल क्षेत्रों में बंद के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित

इंफाल/चुराचंदपुर/भाषा। मणिपुर में ''सुरक्षाबलों की कार्रवाई'' के खिलाफ कुकी-जो समुदाय द्वारा आहूत अनिश्चितकालीन बंद के कारण रविवार को कुकी-बहुल क्षेत्रों में सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा।

कांगपोकपी जिले में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन शांत रही, जहां एक दिन पहले यानी शनिवार को कुकी-जो प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जबकि 40 अन्य घायल हो गए थे। चुराचंदपुर और टेंग्नौपाल जिलों के अन्य कुकी-जो बहुल क्षेत्रों में भी प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए और पत्थरों से सड़कें अवरुद्ध कर दीं। सुरक्षा बल अवरुद्ध सड़कों को खुलवाते दिखे। हालांकि, राहत की बात यह है कि ताजा हिंसा की कोई सूचना नहीं है।

राज्य में कुकी-जो बहुल क्षेत्रों में व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे और सड़कों पर बहुत कम वाहन देखे गए। आंदोलनकारी लोगों से घरों के अंदर रहने की अपील करते देखे गए। जिले के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-दो (इंफाल-दीमापुर रोड) के साथ गमघीफई और जिले के अन्य हिस्सों में अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है तथा कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए गश्त की जा रही है।

नीतीश के साथ अब कोई गठबंधन नहीं करेंगे : तेजस्वी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पटना/भाषा। राजद नेता तेजस्वी यादव रविवार को उस समय नाराज हो गए जब उनसे बिहार के मुख्यमंत्री और जद (यू) अध्यक्ष नीतीश कुमार के साथ फिर से गठबंधन की संभावना के बारे में पूछा गया। नीतीश कुमार राजद के साथ गठबंधन तोड़ पिछले साल भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गए थे।

पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव यहां कथित तौर पर ''राजग द्वारा आरक्षण की चोरी और उसे हजम कर जाने'' के खिलाफ राजद द्वारा आयोजित धरने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि क्या विधानसभा चुनाव से पहले उनके जद (यू) प्रमुख के साथ हाथ मिलाने की संभावना है, तो यादव ने कहा, ''हम हाथ क्यों मिलाएंगे? आप मौजूदा मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश क्यों कर रहे हैं?'' उनसे कहा गया कि मीडिया के एक वर्ग में ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि हाल ही में 74 साल के हुए नीतीश कुमार को इस बात की चिंता है कि चुनाव के बाद भाजपा नेतृत्व परिवर्तन के लिए दबाव डाल सकती है और राजद इस स्थिति का फायदा उठाकर उसके साथ गठबंधन का ''प्रस्ताव'' देने को तैयार है। आम तौर पर मिलनसार स्वभाव के यादव ने सख्ती से जवाब दिया, ''किसी की ओर से कोई प्रस्ताव नहीं है। मेरी पार्टी में, केवल राजद अध्यक्ष लालू जी और मैं ही गठबंधन पर कोई भी निर्णय लेने के लिए अधिकृत हैं। कृपया फालतू बात न करें।''

युवा नेता ने इस बात पर जोर दिया कि कुमार ''अब अपना विवेक खो बैठे हैं, जो सार्वजनिक रूप से उनके द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषा के स्तर से स्पष्ट है।''

कुमार द्वारा सार्वजनिक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पैर छूने की कोशिश करने के कुछ उदाहरणों का हवाला देते हुए यादव ने कहा, ''क्या यह एक राज्य के मुख्यमंत्री को शोभा देता है?'' यादव ने दावा किया, ''वह दिन दूर नहीं जब कुमार अपने दो मौजूदा उपमुख्यमंत्रियों - विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी के पैरों में गिरेंगे।'' उन्होंने भाजपा पर ''बिहार में अपने आरक्षण विरोधी एजेंडे पर काम करने'' का आरोप लगाया।

राजद नेता ने आरोप लगाया, ''यही कारण है कि जब आरक्षण संबंधी याचिका पर सुनवाई हो रही है, तो उच्चतम न्यायालय में राज्य सरकार के वकील ठीक से बहस नहीं कर रहे हैं।'' उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने पटना उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है, जिसमें वंचित जातियों के लिए आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने वाले कानूनों को खारिज कर दिया गया था।

बजट सत्र में 'ईपीआईसी' का मुद्दा गूंजेगा, बजट, वक्फ विधेयक सरकार की शीर्ष प्राथमिकता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू हो रहा है, जिसमें सरकार और विपक्ष के बीच 'ईपीआईसी' के मुद्दे पर टकराव होने की उम्मीद है। विपक्ष मतदाता सूची में कथित हेराफेरी, मणिपुर में हिंसा की ताजा घटना और ट्रंप प्रशासन से निपटने में भारत के रुख जैसे मुद्दों को उठाने की योजना बना रहा है।

सरकार का ध्यान अनुदान मांगों के लिए संसद की मंजूरी प्राप्त करने के साथ-साथ बजटीय प्रक्रिया को पूरा करने, मणिपुर बजट के लिए अनुमोदन प्राप्त करने और वक्फ संशोधन विधेयक को पारित करने पर रहेगा। गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा के लिए संसद की मंजूरी लेने के वास्ते एक वैधानिक प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को मणिपुर का बजट भी पेश करेंगी। एन. बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद 13 फरवरी से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है।

विपक्ष ने कहा कि वह मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) क्रमांक के दोहराव के मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। तृणमूल कांग्रेस ने इस मुद्दे को उठाने में अग्रणी भूमिका निभाई है, जिसके बाद निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वह अगले तीन महीनों में सुधारात्मक कदम उठाएगा।

निर्वाचन आयोग ने तृणमूल कांग्रेस के इस दावे को खारिज कर दिया था कि मतदाता सूचियों में हेरफेर की गई है ताकि अन्य राज्यों के मतदाताओं को पश्चिम बंगाल में मत डाल सकें। निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ मतदाताओं के मतदाता पहचान पत्र क्रमांक समान हो सकते हैं, लेकिन जनसांख्यिकी जानकारी, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केन्द्र जैसे अन्य विवरण अलग-अलग होते हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेता सोमवार को निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। उन्होंने बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान संसद के दोनों सदनों में इस मुद्दे को उठाने के लिए कांग्रेस, द्रमुक, शिवसेना (यूबीटी) सहित अन्य विपक्षी दलों को भी एकजुट किया है। वहीं सरकार के लिए वक्फ संशोधन विधेयक को शीघ्र पारित कराना प्राथमिकता है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने पिछले सप्ताह 'इंडिया टुडे कॉन्क्लेव' में कहा था कि सरकार वक्फ संशोधन विधेयक को शीघ्र पारित कराने की इच्छुक है, क्योंकि इससे मुस्लिम समुदाय के कई मुद्दे सुलझेंगे। संसद की संयुक्त समिति ने विपक्ष के भारी विरोध के बीच विधेयक पर अपनी रिपोर्ट लोकसभा में प्रस्तुत की थी।

सुविचार

कभी-कभी बहुत छोटे-छोटे निर्णय ही हमारे जीवन को हमेशा के लिए बदल देते है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

'पहाड़' न बन जाए यह 'बोझ'

देश में आत्महत्याओं के बढ़ते मामले चिंताजनक हैं। पिछले कुछ वर्षों में आईएएस, आईपीएस, आईएफएस जैसे उच्च अधिकारियों और डॉक्टर, इंजीनियर जैसे अत्यंत सम्मानित पेशेवरों द्वारा भी ऐसे खौफनाक कदम उठाए जाने की घटनाएं चर्चा में रही हैं। जिस पद को पाने की करोड़ों युवाओं की ख्वाहिश होती है, जिन्हें बहुत लोग अपना आदर्श समझते हैं, जब वे इस तरह अपने जीवन को समाप्त करते हैं तो समाज को बड़ा धक्का लगता है। साथ ही, ये घटनाएं अपने पीछे कई सवाल छोड़ जाती हैं। जो लोग इतनी उच्च शिक्षा प्राप्त करते हैं, कड़ी प्रतिस्पर्द्धा के बाद चुने जाते हैं, उच्च कोटि का प्रशिक्षण लेते हैं, जिन्हें मुश्किल हालात का सामना करना सिखाया जाता है, वे ज़िंदगी के एक मोड़ पर आकर इतने कमजोर कैसे पड़ जाते हैं? हाल में दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में एक युवा आईएफएस अधिकारी ने इमारत से कूदकर अपनी ज़िंदगी खत्म कर दी! बताया जा रहा है कि वे कुछ महीनों से डिप्रेशन में थे। जुलाई 2023 में तमिलनाडु के एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी की आत्महत्या का मामला बहुत चर्चा में रहा था, जिन्होंने अपनी सर्विस पिस्टल से खुद को गोली मार ली थी। उनके करीबी लोग इस घटना से हैरान थे। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि ये अधिकारी ऐसा कदम उठा सकते हैं। मीडिया में चर्चा थी कि बहुत शांत रहने वाले और लोगों से मुस्कुराकर मिलने वाले आईपीएस अधिकारी कुछ मानसिक समस्याओं का सामना कर रहे थे। उसी साल जून में लखनऊ में एक सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। उनके परिवार में किसी चीज की कोई कमी नहीं थी, लेकिन उन्होंने अपने पीछे जो नोट छोड़ा, उसमें लिखा था– 'मैं ... कर रहा हूं, क्योंकि चिंता और डिप्रेशन को बर्दाश्त नहीं कर सकता ... मैं अपनी ताकत और स्वास्थ्य खो रहा हूं ...।' पुलिस की नौकरी में अपराधों और मुश्किलों का दृढ़ता से सामना करने वाले वे अधिकारी डिप्रेशन से हार गए थे!

ये तो कुछ उदाहरण हैं। इनके अलावा कांस्टेबल, हैंड कांस्टेबल जैसे कर्मचारियों से जुड़ीं ऐसी खबरें आती रहती हैं। आज लोगों में चिंता, तनाव, डिप्रेशन समेत विभिन्न मानसिक समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इन पर खुलकर बात नहीं हो रही है। वैसे इन समस्याओं की शुरुआत स्कूल से हो जाती है, जब बच्चों पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव आने लगता है। ज्यादा अंक लाने की होड़ के बीच अगर किसी पेपर में उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन नहीं रहा तो उस विद्यार्थी को अंदर ही अंदर चिंता खाए जाती है। कॉलेज पास करने के बाद जब कोई युवा देखता है कि यह पढ़ाई मुझे नौकरी नहीं दिला सकती और अब कोचिंग करनी होगी तो डिप्रेशन सताने लगता है। कई लोगों को प्रतियोगी परीक्षा के दौरान भारी भीड़ देखकर डिप्रेशन होने लगता है कि इतने बेरोजगारों में मेरा नंबर कहां आएगा! अगर कहीं नौकरी लग गई तो भी मानसिक समस्याओं का अंत नहीं होता। कुछ रिश्तेदार और परिचित लोग अनावश्यक तुलना कर युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य बिगाड़ते रहते हैं। किसका वेतन ज्यादा है? किसका पद ऊंचा है? किसका मकान सुंदर है? किसकी कार ज्यादा कीमती है? किसकी शादी ज्यादा अमीर खानदान में हुई है? किसका जीवनसाथी ज्यादा सुंदर है? कौन ज्यादा रसूख वाला है? जब देश का युवा इन सवाल–जवाब को पार करता हुआ आगे बढ़ता है तो कार्यस्थल पर ऐसी समस्याओं से सामना होता है, जिनके बारे में उसने कभी पढ़ा ही नहीं था। बॉस की फटकार, वरिष्ठ सहकर्मियों के दबाव और घरेलू माहौल से जुड़ीं जरूरतों के बीच संतुलन बनाता हुआ व्यक्ति कभी–कभी खुद को ऐसी स्थिति में पाता है, जहां वह बहुत अकेला और असहाय महसूस करता है। वास्तव में इन मानसिक समस्याओं का सामना करने के लिए न तो स्कूली दिनों में कुछ सिखाया जाता है और न ही ऐसी कोई ठोस व्यवस्था विकसित की गई है, जहां लोग अपने मन का बोझ हल्का कर सकें। मानसिक समस्याओं का असर घरों से लेकर सड़कों तक देखा जा सकता है, जहां लोग छोटी–छोटी बातों पर झगड़ा करने लगते हैं। कई बार ऐसे झगड़े बड़ी लड़ाई का रूप ले लेते हैं। ऐसे हालात को टालने के लिए जरूरी है कि लोगों को क्षमा और सहिष्णुता का प्रशिक्षण दिया जाए, और ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जहां लोग अपने मन का वह बोझ उतार सकें, जिसे वे लेकर घूम रहे हैं। कई बार यह बोझ दु:खों का इतना बड़ा पहाड़ बन जाता है, जिसे लोग नहीं उठा पाते। फिर चाहे आम आदमी हो या बड़ा अधिकारी, हैं तो सब इन्सान ही!

ट्वीटर टॉक

प्रदेश के समग्र विकास एवं औद्योगिक समृद्धि को समर्पित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में हुए 1 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों की प्रगति को लेकर आज मुख्यमंत्री निवास पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली।

–भजनलाल शर्मा

इंटरनेशनल इंडियन फ़िल्म एकेडमी अवॉर्ड्स आईफा का जयपुर, राजस्थान में आयोजन अभिनव अवसर है। शनिवार शाम इसकी शानदार शुरुआत हुई। शुभारंभ समारोह में राजस्थान की माननीय उप मुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी जी के साथ शामिल हुआ।

–गजेन्द्र सिंह शेखावत

राज मंदिर न केवल फिल्म प्रेमियों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र है, सिनेमा के इतिहास और राजस्थानी संस्कृति को प्रदर्शित करने का एक शानदार माध्यम भी है। इसकी भव्यता और ऐतिहासिक महत्व ने इसे जयपुर के सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा बना दिया है।

–दीया कुमारी

प्रेरक प्रसंग

प्रभु की लीला

यह उस समय की बात है जब हनुमान जी अशोक वाटिका में माता सीता की खोज में पहुंचे थे और चुपचाप माता सीता और त्रिजटा की बातें सुन रहे थे। त्रिजटा ने कहा, 'मैंने स्वप्न में देखा है कि लंका में एक बंदर आया है और वह लंका को जला देगा।' त्रिजटा की यह बात सुनकर हनुमान जी को चिंता हुई कि प्रभु राम ने लंका जलाने के लिए ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया था, तो फिर त्रिजटा यह क्यों कह रही हैं?' जब रावण के सैनिक हनुमान जी को मारने के लिए तलवार लेकर दौड़े, तब विभीषण ने आकर कहा, 'दूत को मारना अनीति है।' यह सुनकर हनुमान जी समझ गए कि प्रभु राम ने विभीषण को उनका रक्षक बना दिया है। यह आश्चर्यजनक था, लेकिन इससे भी बड़ी आश्चर्य की बात तब हुई जब रावण ने आदेश दिया कि हनुमान जी की पूंछ में कपड़ा लपेटकर, उसमें घी डालकर आग लगाई जाए। हनुमान जी ने सोचा, 'यदि त्रिजटा की बात सच नहीं होती, तो मुझे लंका जलाने के लिए घी, तेल, कपड़ा और आग कहां से मिलता?' आखिरकार हनुमान जी ने प्रभु राम से कहा, 'हे प्रभु राम, आपने स्वयं ही रावण से यह प्रबंध करवा दिया। जब आप रावण से भी अपना काम करा लेते हैं, तो यह मेरा मतिभ्रम था कि अगर मैं न होता, तो माता सीता को कौन बचाता?'

सामयिक

हरियाणा में कोड़ामार होली का प्रचलन है। होलिका दहन के दूसरे दिन धूलेंडी के अवसर पर गाँव के नौजवान रिश्ते की भाभियों रंग डालने का प्रयास करते हैं, जबकि भाभियाँ रंग से बचती हुई रस्सीनुमा बंटे कपड़े से देवरों को पीटने का प्रयास करती हैं। इस खेल के बाद सभी स्त्री-पुरुष किसी सार्वजनिक स्थान पर एकत्र होकर मिठाइयां कहते हैं। मिठाई का खर्च होली खेलने वाले युवक वहन करते हैं। गुजरात की होली हुलोसनी कही जाती है।

ऐसे भी रंग हैं होली के

दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश'
मोबाइल : 7379100261

होली मूलतः रंगोत्सव है। बच्चे से लेकर बूढ़े तक रंगपर्व में अबीर–गुलाल और रंगों से सराबोर हो जाते हैं। इसके अलावा देश के विभिन्न अंचलों में होली के साथ कुछ विचित्र मान्यताएं और परम्पराएं जुड़ी हैं, जो प्रकृति के इस पर्व को और रंगारंग बना देती हैं। उत्तर प्रदेश के ब्रजमंडल की लट्ठमार होली को लें। इधर एक कहावत है– 'सब जग होरी, ब्रज में होरा।' ब्रज क्षेत्र की होली अत्यन्त अनुष्ठानिक और कर्मकांडमय होती है। इसलिए यहाँ की होली को 'होरा' कहकर ऊंचा स्थान दिया गया। लट्ठमार होली कृष्णजी के नंदगांव और राधारानी के गाँव बरसाना के बीच खेली जाती है। इसके लिए फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी नवमी के मध्य दोनों गांवों के बीच पाण्डेय लीला' के माध्यम से निमंत्रण का आदान–प्रदान होता है। इस होली का दर्शन कराने दूर–दूर से हजारों लोग यहाँ आते हैं। इसका शुभारम्भ साढ़े चार सौ साल पहले श्रीनारायण भट्ट जी ने किया था। तब से यह भट्टजी के बनाए विधान के अनुसार प्रत्येक वर्ष आयोजित होती है।

उत्तर प्रदेश की तराई में थारू जनजाति के लोग काफी संख्या में हैं। इनके यहाँ फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी से पूर्णिमा तक नृत्य और गायन का व्यापक आयोजन होता है। इसे यह 'जिन्दा होली' कहते हैं। पूर्णिमा को होलिका दहन के पश्चात रंगोत्सव को 'थारू मुर्दा होली' के नाम से मानते हैं। यहाँ एक ऐसा भी क्षेत्र है, जहां होली मानते ही नहीं थे। यह स्थान है–बैसवाड़े का डलमऊ ! यहाँ के साहित्यकार रामनारायण 'रमण' के अनुसार, डलमऊ के लोकप्रिय भरवंशीय अन्तिम राजा की मृत्यु और राज्य का पतन होली के दिन हुई थी। इसी से यहाँ के लोगों ने होली मनाना बंद कर दिया था। करीब 450 साल बाद नई पीढ़ी होली तो मनाने लगी है, लेकिन होलिका दहन के अगले रोज न मनाकर तीसरे दिन मानते हैं।

छत्तीसगढ़ के बस्तर में आदिवासी दो होलियाँ मानते हैं। एक होली फाल्गुन शुक्ल पक्ष की छठी से चतुर्दशी तक चलती है। जबकि दूसरी माटीतियार' के नाम से चैत मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कई स्थानों पर 'भागोरिया' का आयोजन करते हैं। यह मूलतः भील युवक द्वारा अपनी प्रेमिका को भागा ले जाने का लोकपर्व है। होली के पूर्व गाँव में हाट लगता है। इसमें भील युवक अपनी पारंपरिक वेशभूषा में नाचते–गाते हुए जाते हैं। नृत्य करता भील युवक जब किसी के गालों पर गुलाल मल देता है और युवती भी जवाब में युवक के मुह में गुलाल लगा देती है तो तो समझा जाता है, दोनों विवाह सूत्र में बंधने को राजी हैं। इसके बाद युवक लड़की को लेकर किसी परिचित के यहाँ छिप जाता है। इस भगोरिया की खबर लगने पर प्रेमी–प्रेमिका के बुजुर्गों की बैठक में दोनों की शादी तय की जाती है।

बंगाल में होली 'डोली जागा' के रूप में तीन दिन तक मनाई जाती है। पर्व के अन्तिम दिन एक लड़का स्त्री की वेशभूषा में सजकर सिर पर दही की मटकी रखकर नाचता है। डोली जागा के अवसर पर यहाँ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा होती है। बिहार और झारखंड के कुछ हिस्सों में होली की रात गाँव की सीमा पर जाकर मशालें जलाते हैं। लोक मान्यता के अनुसार, यह गाँव से दरिद्र और दुर्भाग्य भागने का उपक्रम है। उड़ीसा में रंगोत्सव को 'तिगया' कहते हैं। फाल्गुन शुक्ल पक्ष यहाँ 'ढोल पूर्णिमा' कही जाती है। इस दिन यहाँ देव प्रतिमाओं को झूले में झूलाते हैं।

राजस्थान जितना रंग–रंगीला है, उतनी ही रंगा–रंग है वहाँ की होली से जुड़ी परम्पराएं ! यहाँ होली से जुड़ी इतनी विविधिताएं मिलती हैं कि इनको तफ़सील से समेटकर पूरी किताब लिखी जा सकती है। खासकर जैसलमेर, बांसवाड़ा, कोटा, जयपुर, शेखावटी, पाली, ब्यावर आदि स्थानों से जुड़ी होली की विशिष्टताएं उल्लेखनीय हैं। कोटा के किशनगंज में थाली पर फूल डोल' लोकोत्सव मनाया जाता है। यहाँ सुबह से शाम तक कला–गोरा, बांड़ा–बाँड़ी, गिद्ध–रावण युद्ध आदि कई स्वांग और झकियाँ प्रस्तुत की जाती हैं। ब्यावर में बादशाह की सवारी निकालकर सार्वजनिक रूप से होली खेली जाती है। पाली की होली का आकर्षण बादशाह–बीरबल' का जुलूस होता है। गुलाबी नगरी जयपुर में रंगपर्व पर हाथी समारोह की धूम रहती है। शेखावटी में होने वाला 'चंगा नृत्य' तो विश्वविख्यात हो चुका है। शेखावटी के ग्रामीण अंचलों में साँझ से एक पहर रात तक नगाडों की कर्णप्रिय ध्वनि पर 'गीदड़ नृत्य' होता है। निम्बाहेड़ा, जालोर, बाड़मेर और बल्लभनगर में होली के अवसर पर लोकदेव 'इलोजी महाराज' से सम्बद्ध मनोरंजक लोकपर्व का आयोजन होता है। भीलवाड़ा, बलोतरा, बाड़मेर आदि जिलों में बड़े पैमाने पर राजस्थानी लोकनृत्य पर केंद्रित गेर समारोह' का आयोजन होता है, जिसमें गेरनर्तकों की दर्जनों टोलियाँ प्रतिभग करती है। यहाँ की होली में प्रतिभाग करने बड़ी संख्या में राजस्थानी एन आर आई भी प्रतिवर्ष अपने देश पधारते हैं।

महाराष्ट्र की होली शिमगा' है, इस दिन इधर के लोग अपने घरों में झाड़ू अवश्य लगाते हैं और बाद में झाड़ को जला देते हैं। एक खास बात और है, यहाँ सिर्फ पुरुष स्त्रियों प्र रंग डालते हैं, स्त्रियाँ पुरुषों को नहीं रंगती। पंजाब में होली को संत योद्धा सिंह ने पौरुष का पर्व बना दिया था। यहाँ हॉल मोहल्ला' की धूम रहती है। आनन्दपुर साहब में दंगल, घुड़दौड़ और निशानेबाजी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

हरियाणा में कोड़ामार' होली का प्रचलन है। होलिका दहन के दूसरे दिन धूलेंडी के अवसर पर गाँव के नौजवान रिश्ते की भाभियों रंग डालने का प्रयास करते हैं, जबकि भाभियाँ रंग से बचती हुई रस्सीनुमा बंटे कपड़े से देवरों को पीटने का प्रयास करती हैं। इस खेल के बाद सभी स्त्री–पुरुष किसी सार्वजनिक स्थान पर एकत्र होकर मिठाइयां कहते हैं। मिठाई का खर्च होली खेलने वाले युवक वहन करते हैं। गुजरात की होली हुलोसनी' कही जाती है। यहाँ की अविवाहित लड़कियां होलिका–दहन की राख से अंबादेवी की प्रतिमा बनाकर घरों में रखती हैं। मालवा क्षेत्र और गुजरात प्रांत के भील होलाष्टक के बीच गोल गधेड़ो' का आयोजन करते हैं। यह एक रोचक परम्परा है, इसमें ताड़ के पेड़ पर गुड़ और नारियल की पोटली लटका दी जाती है। पेड़ के चारों तरफ विवाह योग्य लड़कियों की एक सुरक्षा पंक्ति होती है, जो लड़कों को पेड़ के पास आने से रोकती हैं। जबकि लड़के पोटली प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। यदि कोई लड़कियों की सुरक्षा पंक्ति का धेरा तोड़कर पोटली प्राप्त कर लेता है, तो उसे उनमें से किसी भी लड़की से शादी करने का हक मिल जाता है।

होली सम्बन्धी विभिन्न क्षेत्रों के यह उपक्रम मूलतः भारतीय संस्कृति की अनेकता में एकता की अभिव्यक्ति है। इन परम्पराओं और मान्यताओं का मूल जन–जन के बीच सद्भाव की स्थापना पर केन्द्रित है।

नजरिया

हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम

रमेश सर्राफ धमोरा
मोबाइल : 9414255034

युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खींचाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है। उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है। सभी इस बात से सहमत हो गये। बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध मे विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी।

राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर बाबा श्याम जी के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। खाटू श्याम जी को भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है। दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्री कृष्ण को दान दे दिया। इसी दानशीलता के कारण श्री कृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे। तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे। इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन लाखों भक्त आते हैं। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश–विदेशों से आये करीबन 30 लाख श्रृद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है।

इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी।

श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये। भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा। यदि उन्होने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनो लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की और चलाया। तीर ने क्षण भर में पेड के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द–गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होनें अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा।

ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया।

उन्होने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होनें बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्री कृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होनें अपने शीश का दान दिया। उनका सिर युद्धभूमि के समीप ही एक पहाड़ी पर सुशोभित किया गया जहां से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायजा ले सकते थे।

युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खींचाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है। उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है। सभी इस बात से सहमत हो गये। बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध मे विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी। उन्हें युद्धभूमि में सिर्फ उनका सुदर्शन चक्र घूमता हुआ दिखायी दे रहा था जो कि शत्रु सेना को काट रहा था। महाकाली दुर्गा कृष्ण के आदेश पर शत्रु सेना के रक्त से भरे प्यालों का सेवन कर रही थी। कृष्ण वीर बर्बरीक के महान बलिदान से काफी प्रसन्न हुये और वरदान दिया कि कलियुग में तुम श्याम नाम से जाने जाओगे, क्योंकि कलियुग में हारे हुये का साथ देने वाला ही श्याम नाम धारण करने में समर्थ होगा। ऐसा माना जाता है कि एक बार एक गाय उस स्थान पर आकर अपने स्तनों से दुग्ध की धारा स्वतरू ही बहा रही थी बाद में खुदायी के बाद वह शीश प्रकट हुआ।

एक बार खाटू के राजा को स्वप्न में मन्दिर निर्माण के लिये और वह शीश मन्दिर में सुशोभित करने के लिये प्रेरित किया गया। तदन्तर उस स्थान पर मन्दिर का निर्माण किया गया और कार्तिक माह की एकादशी को शीश मन्दिर में सुशोभित किया गया, जिसे बाबा श्याम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। मूल मंदिर 1027 ई. में रूपसिंह चैचौहान और उनकी पत्नी नर्मदा कंवर द्वारा बनाया गया था। मारवाड़ के शासक ठाकुर के दीवान अभय सिंह ने ठाकुर के निर्देश पर 1720 ई. में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मंदिर इस समय अपने वर्तमान आकार ले लिया और मूर्ति गर्भगृह में प्रतिष्ठापित किया गया था। मूर्ति दुर्लभ पत्थर से बनी है।

प्रशासन यहां की व्यवस्था को लेकर पूरा सजग है। जिला प्रशासन व मंदिर प्रबंध कमेटी ने मिलकर खाटू श्याम मंदिर परिक्षेत्र में कई नई सुविधाओं को प्रारंभ किया है। यहां के आम रास्तों को 40 फीट तक चौड़ा किया गया है। मंदिर में दर्शन करने की व्यवस्था में भी आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इससे मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा हो रही है। सरकार ने यहां के मंदिर परिसर क्षेत्र के विकास की घोषणा की है। जिसका लाभ भी श्रद्धालुओं को ही मिलेगा।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

कृति सैनन ने सीरीज में डेब्यू करने पर कहा: यह कुछ अलग होना चाहिए

जयपुर/भाषा। अभिनेत्री कृति सैनन का कहना है कि वह वेब सीरीज में काम करने के लिए तैयार हैं, लेकिन प्रोजेक्ट ऐसा होना चाहिए जो रोमांचक और लीक से कुछ हटकर हो।

जयपुर में आयोजित आईफा डिजिटल अवॉर्ड्स के उद्घाटन संस्करण में नेटफ्लिक्स फिल्म दो पत्ती के लिए सर्वश्रेष्ठ मुख्य भूमिका (महिला) पुरस्कार जीतने के बाद कृति ने यह बात कही।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कृति ने ग्रीन कार्पेट पर बातचीत में कहा कि वह किसी ऐसे प्रोजेक्ट की तलाश में हैं जो उनकी रचनात्मकता को चुनौती दे।

कृति ने 'पीटीआई-भाषा' ने कहा, मुझे लगता है कि ऐसा कुछ होना चाहिए जो एक अभिनेत्री के रूप में मुझे उत्साहित करे। एक वेब सीरीज फिल्म से लंबी होती है इसलिए यह मुझे लंबे समय तक रोमांचित करने वाला होना चाहिए।

फिल्म दो पत्ती की पटकथा कनिका ढिल्लों ने लिखी है और इसका निर्देशन शशांक चतुर्वेदी ने किया है। फिल्म में कृति सैनन ने जुड़वां बहनों का किरदार निभाया, जबकि काजोल एक साहसी पुलिस निरीक्षक के रूप में नजर आईं। फिल्म में काजोल एक हत्या के प्रयास की गुत्थी को सुलझाने में लगी होती है।

यह बतौर फिल्म निर्माता कृति सैनन की पहली फिल्म थी। उन्होंने अपने बैनर ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स के तहत इस फिल्म का निर्माण किया है।

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने अपने अगले फिल्म निर्माण की योजना बना ली है, तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, अभी भी अगली बटरफ्लाई की तलाश कर रही हूं।

बॉलीवुड फिल्मों के हालिया बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन पर बात करते हुए कृति ने कहा कि अच्छी कहानियां दर्शकों को पसंद आ रही हैं। उन्होंने विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' और पिछले साल की हॉरर-कॉमेडी 'स्त्री 2' का उदाहरण देते हुए कहा, ऐसी फिल्में हैं जो जबरदस्त प्रदर्शन कर रही हैं। छावा और स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की है।

विशेष फिल्म महोत्सव 'आमिर खान: सिनेमा का जादूगर' की हुई घोषणा

नई दिल्ली/भाषा। अभिनेता आमिर खान और दिग्गज गीतकार-पटकथा लेखक जावेद अख्तर ने रविवार को 'आमिर खान: सिनेमा का जादूगर' नाम के एक विशेष फिल्म महोत्सव की घोषणा की।

इस महोत्सव में आमिर की कुछ बेहतरीन फिल्में एक बार फिर सिनेमाघरों में दिखाई जाएंगी।

इस महोत्सव का उद्देश्य भारतीय सिनेमा में आमिर के योगदान का सम्मान करना है। फिल्म महोत्सव आमिर के 60वें जन्मदिन यानि 14 मार्च को शुरू होगा और देश भर के पीवीआर आईनॉक्स सिनेमाघरों में 27 मार्च तक जारी रहेगा।

'आमिर खान: सिनेमा का जादूगर' फिल्म महोत्सव में दिखाई जाने वाली फिल्में हैं, 'दंगल', '3 इडियट्स', 'लगान', 'हम हैं राही प्यार के', 'राजा हिंदुस्तानी', 'गजनी', 'अकेले हम अकेले तुम', 'अंदाज अपना अपना', 'पीके', 'धूम 3', 'रंग दे बसंती', 'गुलाम', 'कयामत से कयामत तक', 'सीक्रेट सुपरस्टार', 'लाल सिंह चड्ढा', 'तारे जमीन पर', 'सरफरोश', 'जो जीता वही सिकंदर', 'तलाश', 'फना', 'दिल चाहता है' और 'दिल'।

अख्तर ने कहा कि पिछले तीन दशकों में आमिर ने जिन फिल्मों में काम किया है, वो सिर्फ वहीं कर सकते थे। उन्होंने कार्यक्रम में कहा, आमिर ने आशुतोष ('लगान') के साथ एक फिल्म की, जिसके साथ उनकी पहले एक फ्लॉप फिल्म थी।

महासभा

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी रविवार को हैदराबाद के नामपल्ली प्रदर्शनी मैदान में पद्मासली महासभा के दौरान।

उद्घाटन

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस रविवार को नागपुर में 'पतंजलि खाद्य और हर्बल पार्क' के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक बालकृष्ण के साथ।

सिंध के पूर्व मुख्यमंत्री के जिंदा बेटे को मृत घोषित किया

कराची/भाषा। पाकिस्तान के सिंध सूबे के स्वास्थ्य विभाग ने पूर्व मुख्यमंत्री सैयद कईम अली शाह के बेटे डॉ. सैयद लियाकत अली शाह को मृत घोषित कर दिया, जबकि वह जीवित हैं और वर्तमान में एक सरकारी नेत्र रोग अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह जानकारी एक टेलीविजन चैनल ने अपनी खबर में दी।

समा टीवी की खबर के मुताबिक यह खुलासा एक कर्मचारी भर्ती मामले से संबंधित अदालत में जमा दस्तावेजों के दौरान हुआ। स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य महानिदेशक और अतिरिक्त स्वास्थ्य सचिव द्वारा अदालत में पेश रिपोर्ट में कहा गया था कि भर्ती आदेश जारी करने वाले डॉ. लियाकत अली शाह का निधन हो गया है।खबर के मुताबिक अदालत को गुमराह करने के लिए मृत्यु प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत किया गया जबकि डॉ. लियाकत अली शाह पिछले दो वर्षों से नेत्र अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) के पद पर कार्यरत हैं।इससे पहले, उन्होंने अपनी सेवानिवृत्ति के बाद एक चिकित्सा महाविद्यालय में अनुबंध प्रोफेसर के रूप में काम किया था।

डॉ. लियाकत इससे पहले जिला स्वास्थ्य अधिकारी (डीएचओ) के रूप में कार्य कर चुके हैं और एक दशक पहले 400 से अधिक कर्मचारियों की भर्ती के लिए जिम्मेदार थे। इनमें से 161 कर्मचारियों को फिलहाल वेतन मिल रहा है जबकि बाकी मामले अभी अदालत में लंबित हैं।खबर के मुताबिक जब डॉ. लियाकत से उनकी प्रतिक्रिया के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने उनकी कथित मृत्यु से संबंधित दावों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।डॉ. लियाकत ने कहा कि उन्हें स्वास्थ्य सचिव से कोई आधिकारिक पत्र प्राप्त नहीं हुआ है और पत्र प्राप्त होने के बाद ही वह लिखित जवाब देंगे।

फिल्म 'छावा' 500 करोड़ के क्लब में हुई शामिल

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल की फिल्म छावा ने भारतीय बाजार में 508 करोड़ की शानदार कमाई कर ली है। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनीं फिल्म छावा में विक्की कौशल , रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना की अहम भूमिका है। इस फिल्म में विक्की कौशल, महान मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं, वहीं रश्मिका मंदाना संभाजी महाराज की पत्नी येसूबाई की भूमिका में हैं।वहीं अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का किरदार निभाया है।फिल्म 'छावा' में संभाजी के जीवन की कहानी दिखाई गई है कि किस तरह से उन्होंने अपनी बहादुरी दिखाते हुए मुगलों से लोहा लिया था।

लक्ष्मण उटेकर के निर्देशन में बनीं फिल्म छावा के निर्माता दिनेश विजान हैं। यह फिल्म 14 फरवरी को रिलीज हुई है। फिल्म 'छावा' को बॉक्स ऑफिस पर तीन सप्ताह से ज्यादा का समय हो चुका है।इसके बाद भी फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म 'छावा' लोगों के दिलों को छू गई है। सिनेमाघरों में इसे देखने के लिए दर्शक अब भी पहुंच रहे हैं। चौथे हफ्ते में भी 'छावा' का तूफान थमता नजर नहीं आ रहा है। फिल्म 'छावा' ने रिलीज के 23वें दिन 500 करोड़ रुपये का जादुई आंकड़ा पार किया है फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी शुरुआत शानदार ओपनिंग से की थी।

सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म छावा ने भारतीय बाजार में पहले सप्ताह में भारतीय बाजार में 219.25 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की थी। फिल्म छावा ने दूसरे सप्ताह में भी भारतीय बाजार में 180.25 करोड़ रुपये की धमाकेदार कमाई की। फिल्म छावा ने तीसरे सप्ताह 84.05 करोड़ की कमाई की। फिल्म ने 22वें दिन 8.75 करोड़ और 23 वें दिन 16.5 करोड़ की कमाई कर ली है। इस तरह छावा ने 23 दिनों में भारतीय बाजार में 508.8करोड़ रुपये की धमाकेदार कमाई कर ली है ।

फिल्म इंडस्ट्री की पहली ड्रीम गर्ल थी देविका रानी

मुंबई/एजेन्सी

भारतीय सिनेमा जगत में अपनी दिलकश अदाओं से दर्शकों को दीवाना बनाने वाली कई अभिनेत्रियां हुयी और उनके अभिनय के दर्शक आज भी कायल है लेकिन पहली ड्रीम गर्ल देविका रानी को आज कोई याद भी नहीं करता। देविका रानी का जन्म 30 मार्च 1908 को आंध्रप्रदेश के वाल्टेयर नगर में हुआ था । उनके पिता कर्नल एम.एन. चौधरी उंचे बंगाली परिवार से ताल्लुक रखते थे जिन्हें बाद में भारत के प्रथम सर्जन जनरल बनने का गौरव प्राप्त हुआ ।नौ वर्ष की उम्र में देविका रानी शिक्षा ग्रहण करने के लिये इंग्लैंड चली गयी।पढ़ाई पूरी करने के बाद देविका रानी ने निश्चय किया कि वह फिल्मों में अभिनय करेगी लेकिन परिवार वाले इस बात के सख्त खिलाफ थे क्योंकि उन दिनों संभ्रान्त परिवार की लड़कियों को फिल्मों में काम नहीं करने दिया जाता था। इंग्लैंड में कुछ वर्ष रहकर देविका रानी ने रॉयल अकादमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट में अभिनय की विधिवत पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने वास्तुकला में डिप्लोमा भी

हासिल किया ।इस बीच उनकी मुलाकात बुस्र बुल्फ नामक फिल्म निर्माता से हुयी जो उनकी वास्तुकला की योग्यता से काफी प्रभावित हुये और उन्होंने देविका रानी को अपनी कंपनी में बतौर डिजाइनर नियुक्त कर लिया। इस बीच उनकी मुलाकात सुप्रसिद्ध निर्माता हिमांशु राय से हुयी ।हिंमाशु राय मैथ्यू अर्नाल्ड की कविता लाइट ऑफ एशिया के आधार पर इसी नाम से एक फिल्म बनाकर अपनी पहचान बना चुके थे ।हिमांशु राय देविका रानी की सुंदरता पर मुग्ध हो गये और उन्होंने देविका रानी को अपनी फिल्म ..कर्म..में काम देने की पेशकश की जिसे देविका ने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

यह वह समय था जब मूक फिल्मों के निर्माण का दौर समाप्त हो रहा था और रूपहले पर्दे पर कलाकार बोलते नजर आ रहे थे। हिंमाशु राय ने जब वर्ष 1933 में फिल्म कर्म का निर्माण किया तो उन्होंने नायक की भूमिका स्वयं निभायी और अभिनेत्री के रूप में देविका रानी का चुनाव किया ।कर्म में देविका रानी ने हिमांशु राय के साथ लगभग चार मिनट तक लिप टू लिप दृश्य देकर उस समय के समाज को अंचभित कर दिया । इसके लिये देविका रानी की काफी आलोचना भी हुयी और फिल्म को प्रतिबंधित भी किया गया ।इस फिल्म में देविका रानी के फरार्टेदार अंग्रेजी संवाद अदायगी को देखकर लोग हैरान से रह गये और उनके व्यक्तिव को देखकर दर्शक इस कदर सम्मोहित हुये कि उनकी गिनती बोलती फिल्मों की श्रेष्ठतम नायिकाओं में होने लगी। हिमांशु राय ने इसके बाद देविका रानी से शादी कर ली और मुंबई आ गये।

मुंबई आने के बाद हिमांशु राय और देविका रानी ने मिलकर बांबे टॉकीज बैनर की स्थापना की और फिल्म जवानी की हवा का निर्माण किया।

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना रविवार को मुंबई के हवाई अड्डे पर पहुँचीं।

पारिवारिक मूल्यों और युवा पीढ़ी की जिम्मेदारियों को छूती है 'वनवास'

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार अनिल शर्मा का कहना है कि उनकी फिल्म वनवास पारिवारिक मूल्यों और युवा पीढ़ी की जिम्मेदारियों को छूती है। अनिल शर्मा इन दिनों अपनी फिल्म वनवास को लेकर चर्चा में हैं। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म वनवास हाल ही में रिलीज हुयी है। इस फिल्म में नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर ने अहम भूमिका निभायी है। फिल्म वनवास आज ज़ी सिनेमा पर प्रीमियर हो रही है। अनिल शर्मा ने फिल्म वनवास की चर्चा करते हुये कहा, फिल्म वनवास एक धार्मिक सभा में माता-पिता को छोड़े जाने के बारे में बात करता है। इस साल भी, महाकुंभ में हम ऐसी ही घटनाएँ सुन रहे हैं। यह नहीं होनी चाहिए। यह हो रहा है और यह मुझे बहुत प्रभावित कर रहा है। इतना बड़ा महाकुंभ का पर्व हुआ और लोगों ने इतनी घटिया हरकतें की जो सही नहीं है। कहते हैं ना संसार में कहीं भगवान है जीते जगते तो वह माता पिता ही है। वनवास के जरिये हमने यह कहने की कोशिश की है कि माता-पिता जब बुर्जुग हो जाते हैं तो वनवासी की तरह रह घर में रह जाते हैं। उनका ख्याल रखना चाहिये। यह बेहद आवश्यक है। अनिल शर्मा ने कहा,फिल्म वनवास पारिवारिक मूल्यों और युवा पीढ़ी की जिम्मेदारियों को छूती है। माता पिता का करम है बच्चों को पालना और बच्चों का धर्म है माता पिता को संभालना बस इतनी सी बात है। कम से कम हम अपने माता पिता को गले लगाये। ये तो हम कर ही सकते हैं ना, क्योंकि माता-पिता से ज्यादा कीमती कुछ भी नहीं। इसी वैल्यू को हमने ख्याल रखना है। हमें उनकी वैल्यू करनी चाहिए क्योंकि एक दिन हम भी माता-पिता बनेंगे, उस दिन हमें पता लगेगा कि उन्होंने हमारे लिए कितना दुख लम्हा सहा होगा।

माधुरी दीक्षित की फैन है सायली सालुंखे, देवदास के रीमेक में करना चाहती है काम

मुंबई/एजेन्सी

सोनी सब के आने वाले शो 'वीर हनुमान' में माता अंजनी का किरदार निभा रही अभिनेत्री सायली सालुंखे का कहना है वह बॉलीवुड की धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित की बहुत बड़ी फैन है और उनकी सुपरहिट फिल्म देवदास के रीमेक में काम करना चाहती हैं। सोनी सब अपनी नई भक्ति महागाथा 'वीर हनुमान' के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। यह शो उस पूजनीय देवता की कहानी को प्रस्तुत करता है, जिनकी उपस्थिति आज भी हर जगह महसूस की जाती है। यह शो भगवान हनुमान की यात्रा और उनके माता-पिता केसरी और अंजनी की भूमिका को सामने लाता है, जिन्होंने उनके भक्ति के मार्ग को आकार दिया। मेंहदी है रचने वाली,स्पाई बहू, बहुत प्यार करते हैं,बातें कुछ अनकही सी और पुकार-दिल से दिल तक,जैसे शो में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर अभिनेत्री सायली सालुंखे, शो वीर हनुमान में भगवान हनुमान की मां अंजनी की भूमिका में नजर आयेंगी।अंजनी का अपने पुत्र के प्रति प्रेम, उनकी निरंतर उपस्थिति और प्रोत्साहन ही वह आधार है, जिस पर भगवान हनुमान की महानता स्थापित होती है। अपने पालन-पोषण से अंजनी उन्हें साहस, निस्वार्थता और भक्ति जैसे अनमोल गुण सिखाती हैं।

वीर हनुमान में मां अंजनी की भूमिका निभा रही सायली सालुंखे ने संवाद एजेंसी 'यूनीवार्ता' के साथ विशेष साक्षात्कार में बताया कि वह बचपन के दिनों से हीं माधुरी दीक्षित की बहुत बड़ी फैन रही है। सायली ने बताया कि वह माधुरी के दमदार अभिनय और शानदार डांस को बेहद पसंद करती हैं। उन्होंने बताया कि यदि उन्हें यदि अवसर मिलता है तो वह माधुरी दीक्षित की सुपरहिट फिल्म देवदास के रीमेक में काम करना पसंद करेंगी। उन्होंने बताया कि वह ऐश्वर्या राय के अभिनय की भी मुरीद हैं। सायली सालुंखे ने बताया कि उन्हें संयोग से 'वीर हनुमान' में काम करने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि वह स्वास्तिक प्रोडक्शन में किसी दूसरे शो के ऑडिशन देने गई थी, लेकिन बात नहीं बनी। उन्होंने कहा, मेकर्स ने मुझसे वीर हनुमान के लिए भी ऑडिशन देने को कहा। मैं शुरू में झिझक रही थी। 'ङ्कङ्कवीर हनुमान' से पहले मैंने कोई पौराणिक किरदार नहीं निभाया था।फिर मैंने ऑडिशन दिया और उन्हें मेरा ऑडिशन पसंद आया और जब मेकर्स ने मुझसे कहा कि आप हीं अंजनी मां का किरदार निभायेगी तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मां अंजनी का किरदार बहुत जिम्मेदारी वाला है। मैं स्वास्तिक प्रोडक्शन की बहुत आभारी हूं कि मुझे उन्होंने वीर हनुमान में मां अंजना का किरदार निभाने का अवसर दिया।

सायली सालुंखे ने बताया कि हर कलाकार की ख्वाहिश होती है कि वह अलग-अलग तरह के किरदार निभाकर दर्शकों को चौंकाए। यही वजह है कि मैने पौराणिक सीरियल वीर हनुमान में काम किया है।मैंने कई निर्माताओं के साथ काम किया है। मैं स्वास्तिक प्रोडक्शंस के साथ काम करके बहुत खुश हूं।सायली सालुंखे से मां का किरदार निभाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा मुझे मां का किरदार निभाने में कोई हिचकिचाहट नहीं है। मुझे एक मां के रूप में टाइपकास्ट होने का डर नहीं है। वीर हनुमान के साथ सबसे ज़्यादा रोमांचित करने वाली बात है इसकी कहानी और मेरे किरदार का महत्व। टाइपकास्टिंग तब होती है जब किसी अभिनेता का अभिनय एक-आयामी लगता है, हर किरदार को एक जैसा तरीके से निभाते हुए। मेरी चुनौती हर किरदार की गहराई में उतरने में है। वीर हनुमान में मां अंजनी का किरदार मेरे द्वारा पहले निभाए गए किसी भी माँ के किरदार से अलग है। सायली सालुंखे ने बताया कि मुझे उम्मीद है कि अंजनी माता का मेरा किरदार दर्शकों को बेहद पसंद आयेगा। मैं चाहती हूं कि यह किरदार लोगों के दिलों और घरों तक पहुंचे। मैं अपना काम ईमानदारी और समर्पण के साथ करने पर ध्यान केंद्रित करती हूं और दर्शकों या उन लोगों को निराश नहीं करती हूं जिन्होंने किरदार को निभाने के लिए मुझ पर भरोसा किया है।मेरी हमेशा यहीं कोशिश रहती है कि मैं अपने दर्शकों कुछ नया दूं।मुझे मेरे दर्शकों ने हमेशा सपोर्ट किया है और मेरे काम की सराहना की है। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को 'वीर हनुमान' में मेरा मां अंजनी का निभाया किरदार बेहद पसंद आयेगा।शो वीर हनुमान में कई शानदार कलाकार हैं। मुझे इस शो में प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करने का अवसर मिला है, जिसके लिये मैं बेहद खुश हूं। उन्होंने कहा, एक मां की अपने बच्चे के लिए ताकत और निःस्वार्थ प्रेम असीमित होता है, और अंजनी और भगवान हनुमान के इस रिश्ते को जीवंत करना मेरे लिए बहुत ही विनम्र और प्रेरणादायक अनुभव रहा है। अंजनी की भूमिका सिर्फ एक मां की नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक और संबल की भी है, जो उन्हें एक सच्चे नायक के रूप में गढ़ती है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

आपसी सद्भावना के कम होने से मानवता कलंकित होती है, जीवन को सुकून और शांति नहीं मिलती, दुर्भावना के कारण मन में द्वेषभाव उत्पन्न होता है, ये सब जीवन की उन्नति के लिए बाधक तत्व हैं, इसीलिए सर्वप्रथम आपसी सद्भावना का विकास होना चाहिए। धर्म-आध्यात्म की बातों का क्रम उसके बाद आता है। साधु-संतों और प्रबुद्धजनों को, लोगों में आपसी सद्भावना बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य करना चाहिए। जो लोगों को बांटने का काम करते हैं, वे धर्म और मानवता को कलंकित करते हैं। आने वाला समय इस दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। दुर्भावना से भरे मन को शांति कभी नहीं मिलती।

अमृतवाणी सत्संग मंडल ने मनाया होली महोत्सव

चेन्नई/दक्षिण भारत राष्ट्रमत। परमधाम अमृतवाणी सत्संग मंडल परिवार चेन्नई के सान्निध्य में इस रविवार होली का महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। मंडल के सभी सदस्यों ने होली की राम-राम कही।

आज सबसे पहले गणेश वंदना गुरु वंदना मां सरस्वती वंदना उसके बाद सामूहिक रूप से अमृतवाणी पाठ किया गया। इसमें होली के भजन भी गाये गए 'होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा'। 'झोली तो भर लो भक्तों और रंग और गुलाल से' 'होली तो खिलेंगे अप्पा गिरधर गोपाल से' जैसे मधुर भजन गाये गए। सभी भक्त झूमने और नाचने लगे।

सभी भक्तों पर फूल और रंग वर्षा की गई तथा साथ में सभी भक्तों को मिठाई और ठंडाई का वितरण किया गया।

यह जानकारी मंडल के सदस्य अरविंद कुमार दाधीच ने दी है।

महिला दिवस उत्सव — दक्षिण भारत राष्ट्रमत

मदुरै में शनिवार को तेरापंथ भवन में तेरापंथ महिला मंडल द्वारा होली स्नेह मिलन व वुमेन्स डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम वुमेन्स फेमस सेलिब्रिटी रहा। बबीता लोढा ने मंगलाचरण प्रस्तुत

कबूतरों को दाना — दक्षिण भारत राष्ट्रमत

चेन्नई में मरीना बीच पर श्री जैन रत्न युवक परिषद तमिलनाडु के तत्वावधान में परोपकार समिति द्वारा रविवार को कबूतरों को दाना दिया गया। श्रावक संघ तमिलनाडु से क्षेत्रीय सदस्य बाबू धनपतराज सुराणा, निवर्तमान कार्याध्यक्ष आर नरेन्द्र कांकरिया युवक परिषद् तमिलनाडु के शाखा प्रमुख संदीप ओस्तवाल कार्य प्रमुख अभय सुराणा क्षेत्रीय प्रधान पीयूष ओस्तवाल, शाखा उपप्रमुख भरत बागमार परोपकार समिति संयोजक संदीप बोथरा सहसचिव संदीप बागमार कोषाध्यक्ष शिखर छाजेड़ सहित अनेक कार्यकारिणी समिति के कर्मठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

उप प्रवर्तकश्री नरेश मुनिजी का सेलम प्रवेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। श्रमण संघीय उप प्रवर्तक दक्षिण सम्राटश्री नरेश मुनि जी म.सा., मुनिश्री शालीभद्र जी म.सा. रविवार को सेलम पहुंचे। सेलम श्री संघ के अध्यक्ष गौतम चोपड़ा, संघ सचिव विकास सालेचा के साथ संघ के अनेक श्रावक श्राविकाएं प्रातः प्रवचन श्रवण करने पहुंचे।

प्रवचन का शुभारंभ श्री शालीभद्रजी ने सुमधुर गीतिका से प्रारंभ किया और वर्तमान जीवन का धर्म के द्वारा उद्धार पर विवेचन दिया। उप प्रवर्तकश्री नरेश मुनिजी ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यक्ति का पुण्य साथ रहता है तब तक सब सही चलता है, पुण्य ना हो तो कड़ी मेहनत भी निष्फल रह जाता है, पुरुषार्थ ही पुण्य के रास्ते पर अग्रसर होते हुए आत्मा का उद्धार में सहयोग करता है, अशुभ से निवृति, शुभ में प्रवृति एवं शुद्ध में जागृति पर बल दिया।

रविवार को शाम मुनिद्वय ने नवरतनमल बोकड़िया के निवास से विहार कर वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में महावीर भवन स्थानक, शंकर नगर पहुंचे। गुरु वृंद का होली चातुर्मास सेलम में होगा, जिसकी तैयारियों में श्री संघ लगा हुआ है। इस मंगल उपलक्ष में श्री वर्धमान जैन सेवा संघ (कोयंबतूर)का एक प्रतिनिधि मंडल संघ के पूर्व अध्यक्ष बबलू ललवानी कि अध्यक्षता में सेलम पहुंचा।

प्रतिनिधिमंडल में सेवा संघ के कार्यकारिणी सदस्य गुमानमल संकलेचा, प्रसन्न कटारिया, हेमंत भंसाली, अजय संकलेचा, सेवा संघ के खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष टाइगर खारीवाल, मनोज चोरड़िया के साथ ही संघ के संस्थापक राजेश कुमार गादिया आदि उपस्थित हुए।

पाठ्येतर गतिविधि समापन समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री सनातन धर्म विद्यालय के प्रांगण में विद्यालय अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सचिव एस पी बाहेती, कोषाध्यक्ष सुनील डागा, प्राचार्या एस लता, पाठ्येतर समन्वयक गिरी बागडी, समिति सदस्य विजय कुमार गोयल, एस एम दमानी, अरुण मिमानी, विवेक बुकरीवाला, अंशुल अग्रवाल, पीटीए उपाध्यक्ष अनीता कडेल, शिक्षिकाओं, अभिभावकों और छात्राओं की उपस्थिति में पाठ्येतर गतिविधि समापन समारोह का आयोजन किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत स्वागत नृत्य से किया गया। सभी सदस्यों के कर कमलों से दीप प्रज्वलन किया गया। सभी विभागों के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई। हिन्दी, अंग्रेज़ी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, गणित, कम्प्यूटर, तमिल के साथ-साथ विष्णु सहस्त्रनाम की भी प्रस्तुति छात्राओं ने दी। उपस्थित अतिथियों को सम्मानित किया गया। छात्राओं द्वारा धन्यावाद भाषण ज्ञापित किया गया।

आचार्यश्री पार्श्वचन्द्र का होली चातुर्मास के लिए अलसूर में प्रवेश आज

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में फाल्गुनी होली चातुर्मास के लिए आचार्यश्री पार्श्वचंद्रजी, डा. पदममुनिजी, जयधुरंधरमुनिजी, जयकलशमुनिजी, जयपुरंदरमुनिजी सोमवार सुबह महावीर भवन अलसूर पधारेंगे। मुख्य आयोजन होली चातुर्मास प्रवचन गुरुवार को अलसूर झील के पास मुदलियार संघ के सभागार में होगा। इस दिन मुमुक्षु दिलीपकुमारजी धोका के सम्मान में वरघोड़ा का आयोजन है। इस मौके पर परंपरा अनुसार आचार्य चातुर्मास स्थल की घोषणा करेंगे। संघ के अध्यक्ष धनपतराज बोहरा ने बताया कि इस प्रसंग पर मुमुक्षु दिलीप कुमार धोका, जयमल श्रावक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश बोहरा तथा प्रांतीय अध्यक्ष उत्तमचन्द गादिया का सम्मान किया गया।

'स्वस्थ रहना' एक राज है: करण जौहर ने अपने घटते वजन पर कहा

जयपुर/भाषा। फिल्म निर्माता करण जौहर ने अपने घटते वजन से संबंधित सवालों का आखिरकार जवाब देते हुए कहा कि इसका कारण उनका स्वस्थ रहना है। सोशल मीडिया पर लोगों के बीच जौहर का घटता वजन काफी चर्चा का विषय रहा है। कई लोगों ने उनके स्वास्थ्य के प्रति चिंता भी जाहिर की है। शनिवार रात को अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आईफा) डिजिटल पुरस्कार 2025 के 'ग्रीन कार्पेट' पर करण से पूछा गया कि उनके वजन घटाने का राज क्या है। फिल्म निर्माता ने संवाददाताओं को इसका जवाब देते हुए कहा, ''यह स्वस्थ रहना है। अच्छा खाना, व्यायाम करना और अच्छा दिखने की पूरी कोशिश करना है।'' जब एक अन्य पत्रकार ने करण से उनकी दिनचर्या के बारे में विस्तार से बताने के लिए कहा तो उन्होंने कहा, ''अगर मैं यह बताता हूं तो इससे मैं अपना राज उजागर कर दूंगा।'' करण रविवार को अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ आईफा अवॉर्ड्स 2025 की मेजबानी करेंगे।

आदर्श परिवार के लिए मुखिया का व्यसनमुक्त होना जरूरी : डॉ. दिलीप धींग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गीय शान्त क्रान्ति जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में आदर्श मुखिया - सफल परिवार की कहानी विषय पर 8 मार्च को महिला दिवस पर ई-व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें जैन दर्शन के विद्वान डॉ. दिलीप धींग ने कहा कि भारतीय समाज व्यवस्था में परिवार मूल आधार है, और परिवार का आधार मुखिया है। उन्होंने कहा कि जैन ग्रंथों के अनुसार प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ परिवार व्यवस्था के संस्थापक थे। डॉ. धींग ने कहा कि परिवार एक प्रयोगशाला है तो एक साधनास्थल भी है। परिवार की एकता व उन्नति में मुखिया की अहम भूमिका होती है। मुखिया व्यसनमुक्त, फैशन मुक्त और कषायमुक्त होना चाहिए। आदर्श मुखिया एक परिवार का ही नहीं, वरन समाज और राष्ट्र का निर्माण भी करता है।

मुखिया को अपने सदस्यों की शिक्षा, ज्ञान, श्रद्धा, सदस्यों में सदाचार, त्याग, संघर्ष और पुरुषार्थ को बढ़ाने में पूरा ध्यान देना चाहिए। यदि महिला-मुखिया व्यसनमुक्त रहेगी तो उसका सुप्रभाव पूरे परिवार पर पीढ़ियों तक पड़ेगा। इसलिए मुखिया को चाहिए कि बच्चों की शिक्षा के साथ उनके व्यसनमुक्त व्यक्तित्व पर भी ध्यान देना चाहिए। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू भूरट ने व्याख्यान को ज्ञानवर्धक बताया। संघ की आईटी टीम प्रभारी सचिन गादिया ने डॉ. धींग के व्याख्यान में पारिवारिक सामूहिक प्रार्थना की बात को अनुकरणीय बताया। टीम प्रमुख लोकेश कोठारी ने बताया कि इस वेबिनार में राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र जैन, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष लीला कोठारी, नरेन्द्र हिंगड़, सपन कांकरिया, सुदर्शन भाटी सहित देश-विदेश के बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन जुड़े। आईटी टीम सह-प्रमुख वर्धमान छल्लाणी ने संचालन किया।

नेत्र जांच शिविर में 425 विद्यार्थियों की नेत्र जांच हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो और करुणा क्लब विवेकानंदा विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 2805 वां नेत्र जांच शिविर तिरुवातियूर स्थित श्री रामदयाल खेमका विवेकानंद विद्यालय में शुक्रवार को रायपुरम् के सीपी कोठारी परिवार के सहयोग से आयोजित किया गया।

डॉ. अग्रवाल आई रिसर्च सेंटर की टीम ने करीब 425 विद्यार्थियों की नेत्र जांच की। सभी जरूरतमंद विद्यार्थियों को चश्मे बना कर दिए जायेंगे।

करुणा क्लब चेन्नई केंद्र के अध्यक्ष सज्जन जैन, कोषाध्यक्ष केदारमल राठी, लेडिज विंग की उपाध्यक्ष पदमा जैन विशेष अतिथि पधारें। उनका सम्मान किया गया। शिविर को सफल बनाने में चेयरमैन ज्ञानचंद कोठारी, आइ केम्प डायरेक्टर पुनमचंद माण्डोत, विनोद कोठारी, प्रिंसिपल श्रीमती बी. सुमती, करुणा प्रभारी टी.कलैअरसी का सहयोग सराहनीय रहा।

भारत के साथ व्यापार संबंधों को और मजबूत करना चाहते हैं : इटली के कृषि मंत्री

नई दिल्ली/भाषा। इटली के कृषि मंत्री फ्रांसेस्को लोलोब्रिगिडा ने भारत के साथ पारस्परिक व्यापार संबंधों को मजबूत करने का आह्वान किया है।

उन्होंने दोनों देशों की सरकारों के बीच मजबूत संबंधों का हवाला देते हुए कहा है कि पारस्परिक व्यापार संबंधों को और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने शनिवार से शुरू हुए दो दिन की व्यापार संवर्द्धन प्रदर्शनी भारत रोड शो 'विनइटली' की पृष्ठभूमि में यह टिप्पणी की है।

'विनइटली' का जिक्र करते हुए इटली के कृषि मंत्री ने कहा कि यह एक ऐसा मंच है जहां 'सर्वश्रेष्ठ इतालवी वाइन और अन्य कंपनियां प्रतिनिधित्व करती हैं, मिलती हैं, चर्चा करती हैं।' उन्होंने कहा कि यह हर दृष्टिकोण से इस उद्योग के विकास से संबंधित विषयों को गहराई से समझने का अवसर देता है।

इटली के कृषि मंत्री ने वीडियो संदेश में दोनों देशों के मजबूत संबंधों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पारस्परिक निर्यात के जरिये इसे और मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ अपने दोस्ताना संबंधों को और मजबूत नहीं करना चाहते हैं, बल्कि पारस्परिक व्यापार संबंधों को भी मजबूत करना चाहते हैं।

खाटू श्याम की निशान यात्रा में की सेवा

बेंगलूरु। फाल्गुन मास में राजस्थान के खाटू धाम में बाबा श्याम का भव्य लक्खी मेला भरता है। इसी अवसर के मद्देनज़र बेंगलूरु में भी विभिन्न श्रद्धालुओं ने चन्द्रप्रकाश रामसिसरिया गौशाला से निशान उठाकर शहर के बन्नरघट्टा स्थित श्याम मंदिर में अर्पण किए। दादी धाम प्रचार समिति के सदस्यों ने निशान यात्रा के दौरान रास्ते में जलसेवा, नीबू शरबत इत्यादि की सेवा प्रदान की। समिति के अध्यक्ष शिवकुमार टेकड़ीवाल ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया और बताया कि 14 मार्च को होलिकोत्सव का आयोजन जेपी तुमकुर रोड स्थित अग्रवाल फार्म में किया गया है। कोषाध्यक्ष प्रकाश चौधरी ने राणी सती दादीजी के जीवन पर बनी फिल्म 'मोटी सेठानी' के बेंगलूरु में फिल्मांकन की जानकारी दी।

महिला दिवस — दक्षिण भारत राष्ट्रमत

भारतीय जैन संघटना मैसूरु चैप्टर के अध्यक्ष राजन बाघमार के मार्गदर्शन में चैप्टर की महिला विंग की ओर से शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जीवदया के क्षेत्र में श्रेष्ठ सेवाएं देने वाली कोकिला गुलेच्छा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बिंदु बाघमार, शर्मिला धोका, अंचल देसरला, लीला सांखला, पदमा पालरेचा, सुनीता बड़ोला, मंजूदेवी लुंकड़ आदि उपस्थित रहीं।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.